# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 04 अंक - 253 बैकुंठपुर, गुरूवार 25 जुलाई 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

www.cgfrontline.com


## महादेव सट्टा एप्प से जुड़े गिरोह का जशपुर जिले में हुआ भंडाफोड़

### बाप-बेटा के साथ चार सट्टेबाज गिरफ्तार

**■ 95 बैंक खातों के कुल 124 एटीएम कार्ड से करोड़ों रूपयों की हेरा-फेरी की गई**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी विकास लकड़ा उम्र 34 साल निवासी बंधाटोली थाना तपकरा ने दिनांक 23.07.2024 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि माह नवंबर 2023 में ग्राम तपकरा के रहने वाले मनोज ताम्रकार एवं उसके 02 पुत्र सुकेश ताम्रकार, चंद्रसेन ताम्रकार उर्फ सोमू तीनों पिता-पुत्र इसके घर आये और प्रार्थी को बोले कि तुमको हमलोग नौकरी में लगा देंगें, जिसके लिये कुछ औपचारिकता पूर्ण करने पर नौकरी लग सकती है, लेकिन हमारी कुछ शर्तों को मानना पड़ेगा। तीनों पिता-पुत्र ने प्रार्थी को कहा कि अभी तुमको 05 हजार रू. नगद और अकाउंट खोलने व सिमकार्ड लेने के लिये आधार कार्ड, पैन कार्ड देना होगा। प्रार्थी ने खुद के बेरोजगार होने के कारण उन्हें 05 हजार रू. नगद व अकाउंट खोलने व सिमकार्ड लेने के लिये जरूरी दस्तावेज उन्हें दे दिया था। माह फरवरी 2024 में तपकरा बस स्टैंड में प्रार्थी द्वारा सुकेश ताम्रकार एवं उसके साथी के साथ मिलने पर उन्हें अपनी नौकरी के बारे में पूछने पर वे बोले कि शासन की तरफ से वेकेंसी नहीं आ रही है जैसे ही वैकेंसी आयेगी, नौकरी लगवा देंगें, 03 लाख रू. की व्यवस्था करके रखना उन दोनों के द्वारा कहा गया। प्रार्थी द्वारा उनसे अपने नाम पर खोले गये खाता के बारे में पूछने पर वे गोल-मोल जवाब देने लगे एवं उनके द्वारा प्रार्थी के बैंक खाते एवं सिमकार्ड का दुरूपयोग किया जा रहा है। मनोज ताम्रकार एवं उसके पुत्र द्वारा प्रार्थी के नाम से 02 अलग-अलग बैंक में खाता खोला गया है जिसमें 01 खाता पोल्ट्री फॉर्म के नाम से खोला गया है। मनोज ताम्रकार एवं उसके पुत्रों द्वारा प्रार्थी के बैंक खाते का दुरूपयोग किये जाने की रिपोर्ट पर थाना तपकरा में धारा 420, 34 भा.द.वि. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। महादेव सट्टा एप से प्रकरण जुड़ा होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री अनिल सोनी द्वारा प्रकरण की लगातार मानीटरिंग की जा रही थी एवं एसडीओपी कुनकुरी श्री विनोद मंडावी के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन कर प्रकरण की सूक्ष्मता से विवेचना कर संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर प्रकरण के आरोपीगण मनोज ताम्रकार, सुकेश ताम्रकार, चंद्रसेन ताम्रकार उर्फ सोमू एवं योगेश साहू को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उनके द्वारा क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीणों को नौकरी लगाने के नाम से, इनकम टैक्स के नाम से, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम से उनका खाता खुलवाया गया एवं वे सभी खातों को महादेव सट्टा एप्प से जुड़े हुये लोगों के साथ मिलकर संचालित करते थे, इस कार्य के लिये उन्हें मोटी रकम एवं अच्छा कमीशन मिलता था। पुलिस द्वारा उनके मेमोरंडम कथन से नगदी रकम कुल 02 लाख तीस हजार रू., विभिन्न बैंको के एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, बैंक का सील, सिमकार्ड एवं पासपोर्ट इत्यादि जप्त किया गया है।

प्रकरण के आरोपीगण 1-मनोज ताम्रकार उम्र 58 साल, 2-सुकेश ताम्रकार उम्र 25 साल, 3-चंद्रसेन ताम्रकार उर्फ सोमू उम्र 26 साल निवासी तपकरा एवं 4-योगेश साहू उम्र 23 साल निवासी सिंगीबहार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही जारी है और खुलासा होने की संभावना है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी, निरीक्षक विनित पाण्डेय, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, उप निरीक्षक विवेक भगत, स.उ.नि. उमेश प्रभाकर, स.उ.नि. रामनाथ राम, स.उ.नि. प्रेमिका कुजूर, प्र.आर. अजय लकड़ा, प्र.आर. तरसियुस मिंज, आर. अविनाश लकड़ा, आर. शंकर राम एवं सायबर सेल टीप का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि:- इस मामले में पुलिस की विवेचना जारी है इस प्रकरण के मास्टरमाइंड और अगले कड़ी में शामिल लोगों के संबंध में पुलिस के पास पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं, उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जावेगी।

## कुनकुरी-लवाकेरा स्टेट हाईवे पर पैदल चल रहे ग्रामीण की सड़क दुर्घटना में मौत

छ.ग.फ्रंटलाइन



**कुनकुरी।** रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। आये दिन हादसे हो रहे है। इसी बीच कल देर शाम कुनकुरी लवाकेरा स्टेट हाईवे पर पैदल घर जा रहे युवक रंजीत कुमार यादव निवासी ग्राम कुंजारा निमटोली को खूनी रफ्तार में पीछे से आ रही मोटरसाईकिल ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया जहां उसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना क्षेत्र कुनकुरी के अन्तर्गत कुनकुरी लवाकेरा राजमार्ग में ग्राम कुंजारा में बीते मंगलवार 23 जुलाई की शाम लगभग 7:00 बजे मृतक रंजीत कुमार यादव राजमार्ग से बस्ती की ओर पैदल अपने घर जा रहा था। उसी दौरान खूनी रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बजाज पल्सर नंबर सीजी 13 एसी 4553 के चालक द्वारा अनियंत्रित होकर पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त कर दिया। दुर्घटना के बाद बाईक चालक बाईक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में रंजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में निजी वाहन से घायल को कुनकुरी लाकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान 02 घंटे बाद उसकी मृत्यु हो गई। कुनकुरी पुलिस थाना में मृतक की पत्नी श्रीमती सरिता यादव द्वारा दुर्घटना की सूचना देकर अज्ञात बाईक सवार चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। कुनकुरी पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पीएम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात बाईक सवार चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## सात दिवस के भीतर उपस्थित होने के निर्देश

**जशपुरनगर।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जशपुर ने पत्थलगांव विकासखण्ड के पाकरगांव निवासी पशुधन विभाग के परिचालक श्री सुशील कुमार भगत को अंतिम अवसर देते हुए 07 दिवस के भीतर कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जशपुर में उपस्थिति होने के लिए आदेशित किया है। जारी आदेश में समय-सीमा के भीतर उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय निर्णय लेते हुए सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने की बात कही है। पशु विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पशुधन विभाग में पदस्थ परिचारक श्री सुशील कुमार भगत बिना सूचना एवं अवकाश स्वीकृति के 10 सितम्बर 2017 से अब तक अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। उन्हें पशुधन विभाग द्वारा कई बार उपस्थित होने एवं अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण देने हेतु पत्र लिखा गया था। विभागीय पंजीकृत पत्रों द्वारा सूचित करने पर भी श्री भगत द्वारा पत्र का उत्तर नहीं दिया गया है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं। इस हेतु पशु विभाग के उप संचालक ने अंतिम अवसर देते हुए 07 दिवस के भीतर उपस्थित होने के लिए सूचित किया है।

## बजट में आम जनता के साथ किया गया है छलावा: अग्रवाल

### लोगों को बजट से थी काफी उम्मीदें पर हाथ लगी निराशा

छ.ग.फ्रंटलाइन



**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा मंगलवार को देश का आम बजट पेश किया गया। वर्तमान समय में देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता चरम पर है। इस बजट से देश की आम जनता, किसान, गरीब, मजदूर, महिला और युवा वर्ग उम्मीद और आस लगाकर बैठे थे कि इस बजट में उनके लिए कुछ खास होगा पर सभी को निराश होना पड़ा है। उक्ताशय के संबंध में बरबसपुर निवासी युवा व्यवसायी और समाजसेवी युग अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि देश के सभी वर्ग को उम्मीद थी कि सरकार आम बजट में कुछ जनकल्याणकारी योजनायें लेकर आयेगी पर निराशा ही हाथ लगी। केंद्रीय बजट पूरी तरह से बेकार है। छत्तीसगढ़ के लिए इस बजट में कुछ खास नहीं है। छत्तीसगढ़ की जनता को फिर एक बार निराश किया गया है। छत्तीसगढ़ के लिये ना कोई नई योजना, ना कोई विशेष पैकेज, ना कोई फायदे की बात है। छत्तीसगढ़ की जनता को फिर से एक बार इस केंद्रीय बजट में छला गया है। आम आदमी को कोई राहत नहीं मिली है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि अगर हम बात करे जन सुविधाओ की तो सरगुजा संभाग के लिये ना किसी नई ट्रेन की घोषणा हुई है ना ही पहले की जो ट्रेन चल रही है उनके स्टापेज के लिये भी किसी तरह की कोई घोषणा हुई है। आम जनता को महंगाई से किसी तरह की राहत मिलती नही दिख रही है। यह बजट पूरी तरह से निराशाजनक है। लोकसभा चुनाव से पूर्व 4 करोड़ पक्के मकान बनाने का वायदा किया गया था पर बजट में सिर्फ 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह बजट केवल आम जनता के साथ किया गया छलावा है।

## विशेष ग्रामसभा का आयोजन 26 तक

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय में 26 जुलाई तक विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के लिये आदेशित किया है। इस सभा में गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा। विशेष ग्राम सभा की कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 ख (3) अनुसार संचालित होगी। ग्राम सभा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं शाला के प्रधान पाठक उचित मूल्य दुकान के संचालनकर्ता, रोजगार सहायक, स्वास्थ्य मितान, पटवारी, विकलांग मितान, सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के मैदानी अमले एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## 29 जुलाई को नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी रहेंगे हड़ताल पर

छ.ग.फ्रंटलाइन



**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** जिला एमसीबी मनेंद्रगढ़ महासंघ एवं नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के 184 नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव, प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश सोनी, मुकेश तिवारी, संदीप चंद्राकर, ऋषभ ठाकुर एवं जिला के अन्य पदाधिकारी ने बताया है कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है। वर्तमान की स्थिति में लगभग सभी नगरीय निकायों में विगत एक से चार माह का वेतन भुगतान लंबित है। इस संबंध में न तो निकाय ध्यान दे रहा है और न ही शासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। वेतन लंबित होने के कारण निकाय के कर्मचारियों की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति खराब हो गई जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर भी असर हो रहा है। इस संबंध में बताया गया कि वेतन समस्या का निराकरण किया जाने हेतु विभागीय संचालक, सचिव, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया है किंतु शासन द्वारा इस संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है। श्री सोनी ने बताया कि वेतन न मिलने के कारण प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर शासन के रवैया के कारण विरोध प्रदर्शन किया गया था। 22 जुलाई 2024 को प्रदेश में कलमबंद हड़ताल किया गया तथा 29 जुलाई को प्रदेश के संपूर्ण नगरीय निकाय के द्वारा अपने-अपने जिला स्तर में धरना प्रदर्शन करेंगे। श्री सोनी ने कहा कि इसके पश्चात भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया जाता है तो संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

## विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संचालन हेतु आवदेन 06 अगस्त तक आमंत्रित

**एमसीबी।** राज्य बाल संरक्षण समिति संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार किशोर न्याय बालकों के देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम यथा संशोधित 2021 की धारा 41 के प्रावधानों के तहत जिले में प्राप्त होने वाले देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले 06 वर्ष से कम आयु के बालकों यथा अनाथ, बेसहारा, परित्यक्त, अभ्यर्पित, बाल भिक्षुक, बाल तस्करी से पीड़ित, शोषण का शिकार, सड़क पर रहने वाले आदि बालकों को संरक्षण प्रदान करने के लिए जिले में बाल देखरेख संस्था यथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संचालन के इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अशासकीय संस्था या संगठन से जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण संचालित किये जाने हेतु शर्तें संस्था/संगठन संचालन हेतु आवेदन करते समय संस्था या संगठन का सुसंगत अधिनियम, सोसायटी रजिस्ट्री करण अधिनियम 1973 के तहत पंजीयन होना अनिवार्य है। संस्था एंव संगठन के पास बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो। संस्था नीति आयोग दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत हो। विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण 10 बच्चों की क्षमता वाली बाल देखरेख संस्था के रूप में संचालित होगी। बाल देखरेख संस्था के संचालन हेतु इच्छुक, अशासकीय संस्था या संगठन द्वारा निर्धारित प्रारूप (प्रारूप 27) में आवेदन जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनेन्द्रगढ़ जिला-एम.सी.बी. के समक्ष आवेदन 06 अगस्त 2024 तक प्रस्तुत किये जा सकते है। आवेदन पत्र प्रारूप (प्रारूप 27) एवं आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी, जिलों का पत्राचार का पता विभाग की वेबसाइट में उपलब्ध है।

## ग्रीन वैली फाउंडेशन ने किया वृहद वृक्षारोपण

छ.ग.फ्रंटलाइन



**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** जिले में पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। ग्रीन वैली फाउंडेशन मनेन्द्रगढ़ द्वारा पूरे जिले को हरा भरा बनाने निरंतर पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में चैनपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी, बसंत जायसवाल, मोतीलाल यादव, विजय गुप्ता, चंद्रभूषण गुप्ता, अशोक वैद्य, प्रसिद्ध कुरेशी, सतीश सिंह, नरोत्तम शर्मा, शैलेश जैन समेत काफी संख्या में लोगों ने दिन भर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां की याद को चिरस्थायी बनाये एंव धरती मां को भी सवारें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सभी को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। ग्रीन वैली फाउंडेशन के द्वारा जिस तरह यह अभियान चलाया गया है उसके लिए संस्था के सदस्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। आयोजन के दौरान वृहद रूम में वृक्षारोपण किया गया। अपनी मां की स्मृति में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आह्वान करते हुये मोती लाल यादव ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान का आने वाले समय में व्यापक असर देखने को मिलेगा जहां कहीं भी आप खाली जगह देख निश्चित रूप से वहां पर अपनी मां की स्मृति में एक पौधा जरूर लगाए और उसे सुरक्षित रखें। इस अवसर पर ग्रीन वैली फाउंडेशन के सदस्यों ने शहरवासियों से अपने अपने क्षेत्र में अपनी मां की स्मृति में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत् सिलाई, राजमिस्त्री और बढ़ई का प्रशिक्षण हेतु हुआ काउंसलिंग

**जशपुरनगर।** शासकीय आई.टी.आई. आरा में विगत दिवस प्रधानमी विश्वकर्मा योजना के तहत् हितग्राहियों को सिलाई, राजमिस्त्री और बढ़ई का प्रशिक्षण देने हेतु जिला कौशल विकास प्राधिकारण के सहायक संचालक और आईटीआई आरा के प्राचार्य की उपस्थित में काउंसलिंग किया गया। काउंसलिंग के दौरान छात्रों को बताया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत् हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए 07 दिवस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रतिदिन 500 रूपए और प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत 15 हजार रूपए का नि:शुल्क कीट भी प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बढ़ई का प्रशिक्षण 26 जुलाई 2024 से आरंभ हो जायेगा। प्रशिक्षण के लिए जिन्होने भी आवेदन किया है वे शासकीय आईटीआई आरा में पीएम विश्वकर्मा के प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।



इसके अलावा जशपुर जिले के युवक युवाओं की भी काउंसलिंग मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षण हेतु भी किया गया।

# समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उचित उपचार के लिए दवाइयों की उपलब्धता के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने दिये निर्देश



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने प्राप्त जन शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ ही निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने भू-अर्जन मुआवजा राशि, आरबीसी 6-4 के प्रकरण, जनसमस्या में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र ही निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए विभागों के आपसी समन्वय से पीवीटीजी बसाहटों में पेयजल, आवास, सड़क, पोषण, कनेक्टीवीटी तथा आजिविका संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण गतिविधियों के क्रियान्वयन के साथ ही स्वास्थ्य सेवा में विस्तार, आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क ईलाज, राशन जैसी सुविधाओं का लाभ पहुंचाते हुए शासन की मंशानुरूप मुख्य धारा से जोड़ें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिले के चिन्हांकित पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उचित उपचार के लिए दवाइयों की उपलब्धता के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने वर्षा के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए दवाओं की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड वितरण, स्नेक बाइट प्रकरण, सिकल सेल, मलेरिया, डेंगू एवं डायरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री एक्का ने जिले में चल रहे शिशु संरक्षण माह के सफल आयोजन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि जिले में 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिशु संरक्षण माह के दौरान प्रमुख रूप से की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने ग्रामीण जन एवं आम नागरिकों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री एक्का ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जीमल, अपर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत बर्मन, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देश की नारी शक्ति को और सशक्त कर रहे पीएम : ज्योति



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** केन्द्र में तीसरी बार बनी एनडीए सरकार का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय बजट पेश किया गया है। बजट पर सुरजपुर भाजपा महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी ज्योति सिंह ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। प्रमुख विपक्षी दलों को बजट को देखकर पेट में दर्द शुरू हो गया है। बजट में महिलाओं व मध्यम वर्ग के लिए बड़े ऐलान किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग की महिलाओं के लिए बजट पेश किया है। देश की नारी शक्ति को और सशक्त बनाने वाला यह बजट साबित होगा। स्वास्थ्य के लिए सवाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए लड़कियों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। आशा वा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आयुष्मान योजना का लाभ और तीन करोड़ महिलाओं के लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य प्रधान मंत्री रखे गए हैं, जो आने वाले समय में भारत विकसित व आत्मनिर्भर का आकार लेगा। यह लाभकारी बजट स्वागत योग्य है।

## ओडिशा से भटककर महेशपुर पहुंचा मंदबुद्धि किशोर



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन


**बिश्रामपुर।** मंदबुद्धि एक किशोर को आज पुलिस ने महेशपुर से बरामद करके अपने पास रख लिया है। किशोर को अब सीडब्ल्यूसी सुरजपुर में कल पेश किया जाएगा। लटोरी पुलिस ने बताया कि बुधवार को ग्राम पंचायत महेशपुर में एक मंदबुद्धि के किशोर हतुना पिता भीमनाथ को पुलिस ने बरामद कर अपने पास रख लिया है। पुलिस ने बताया कि मंदबुद्धि किशोर खुद को ग्राम दमरा बस्तर पीपर मुंडा थाना कदामाझी ओडिशा का निवासी बता रहा है, जो भटककर यहां पहुंच गया है। किशोर की उम्र 14-15 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस ने बताया कि मंदबुद्धि किशोर को गुरुवार को सीडब्ल्यूसी सुरजपुर के समक्ष पेश किया जाएगा।

# जातिगत गाली गलौज कर मारपीट मामले में एसपी को दिया ज्ञापन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** आदिवासी दंपत्ति को रंजिश वश जातिगत गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महेशपुर निवासी 52 वर्षीय विपता राम पिता शिवरतन कंवर द्वारा जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलफिली, रविन्द्रनगर, अजबनगर एवं मदनपुर के आस पास मजदूरी कार्य किया जाता है। इसी तारतम्य में प्रार्थी विपता कंवर पत्नी जानकुंवर व केश्वर बाई के साथ गत दिनों गौरांग मण्डल निवासी सिलफिली के बाड़ी में लगे बादाम को उखाड़ रहे थे। इसके बाद दोपहर में गौरांग मण्डल के मदनपुर स्थित जमीन में जोताई कर मक्का लगवा रहे थे, उसी समय आरोपी क्रमश: परीक्षित मण्डल, पूर्णिमा मण्डल, राधिका मण्डल, ललीता घरामी, प्रिया घरामी तथा ललीता घरामी का पुत्र आकर जातिगत गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर दिए। इसके पश्चात शाम को प्रार्थी पत्नी जानकुंवर, केश्वरबाई के साथ मौसी के घर ग्राम पंचायत कमलपुर जा रहे थे। तभी रेलवे क्रासिंग पुलिया के पास आरोपी राधा गोविन्द, गोविन्द मण्डल, गोविन्द मण्डल का पुत्र व पत्नी, बीजू सरकार उर्फ विजय सरकार ललीता घरामी, प्रिया घरामी एवं अन्य लोगों ने मिलकर प्रार्थी के साथ लाठी, डण्डा, हाथ मुक्का से मारपीट कर जातिगत गाली गलौज कर रेलवे ट्रैक पर लिटाकर हत्या कराए जाने की धमकी दिए। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी, उसकी पत्नी एवं केश्वर बाई को रेलवे क्रासिग पण्डोनगर के पास से जबरन अपने साथ मदनपुर गांव के मेन रोड में बीजू सरकार के सामने लाकर मार पीट कर कान पकड़कर उठक बैठक करा माफी मंगवाए। प्रार्थी ने ज्ञापन में सभी आरोपियों के खिलाफ तत्काल उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## बाबा धाम में किया गया तीन दिवसीय रुद्राभिषेक कार्यक्रम



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य व समाजसेवी सुभाष गोयल ने 18, 19 व 20 जुलाई को झारखंड प्रदेश में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैजनाथ ज्योतिर्लिंग का तीन दिवसीय रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर बाबा बैजनाथ धाम में छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली, समृद्धि व उन्नति के लिए दूध, गंगाजल, गन्ना रस व सरसों तेल से परिवार सहित रुद्राभिषेक किया गया। साथ ही गोयल ने तिल, जौ, शमीपत्र, बिल्वपत्र व पुष्प से सहस्त्रार्चन संपन्न कराया। तीन दिवसीय रुद्राभिषेक का आयोजन चण्डी धाम के मुख्य पंडा के सानिध्य में 11 विद्वान ब्राह्मणों ने पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय गोयल, मोहन गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरीशंकर अग्रवाल, अनीता गोयल, सुशीला गोयल, कौशल्या देवी, संतोष देवी, जिमी, सुरेश पांडेय सक्रिय रहे।

## व्यवसाय प्रमाण पत्र कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर करें प्राप्त

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजपुर के अधीक्षक ने जानकारी दी है कि संस्था में व्यवसाय स्टेनोग्राफी हिन्दी एवं विद्युतकार प्रशिक्षण अवधि 2009 से 2019 तक उर्त्तीण हुए प्रशिक्षणार्थियों का राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र (एसटीसी) संचालनालय परीक्षा प्रकोष्ठ स्टेट बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन रायपुर से प्राप्त हो गया है।

उन्होंने उक्त अवधि में संस्था से उर्त्तीण हुए समस्त प्रशिक्षणार्थियों को सूचित किया है कि अपना राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

# दो दिवसीय समन्वित कीट नियंत्रण प्रणाली पर प्रशिक्षण सम्पन्न



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत् प्राकृतिक संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय भारत सरकार एवं आई.पी.एम. प्रबंधन केन्द्र रायपुर छ.ग. के संयुक्त तत्वाधान में 19 एवं 20 जुलाई 2024 को दो दिवसीय इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र जाबर के सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखण्डों से कृषक एवं अनुज्ञप्ति धारी बीज, उर्वरक एवं दवा विक्रेताओं शामिल हुए। वर्तमान में खरीफ फसलों के बुवाई एवं रोपाई का कार्य चल रहा है, जिसमें कृषकों को उचित बीजों के चुनाव के साथ-साथ पौधों में होने वाली बीमारियों को होने से पहले इलाज के लिए तथा कृषकों को अपने खेतों में संतुलित एवं सही उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उप संचालक कृषि विभाग, सहायक संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर आज निकलेगी मशाल रैली

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कारगिल विजय दिवस के रूप में 25 जुलाई मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजयुमो द्वारा मशाल रैली कार्यक्रम नगर में की जाएगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती ने बताया कि मशाल रैली कार्यक्रम 25 जुलाई की शाम 5 बजे बिश्रामपुर अंबेडकर चौक से होते हुए शिशु मंदिर बिश्रामपुर पहुंचेगी। इसके पश्चात विजय दीप प्रज्वलित किया जाएगा।

## निविदा खोलने की तिथि में संशोधन

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** एकलव्य आवासीय विद्यालयों के लिए दैनिक सामग्रियों के आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशित की गई थी। जिसका निविदा 23 जुलाई 2024 को खोला जाना था। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा खोलने की तिथि में संशोधन करते हुए 24 जुलाई 2024 को दोपहर 02 बजे खोला जाएगा।

# बोतल बंद पानी में काई की जांच में पहुंचे अधिकारी





प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** हिन्द नाम से मार्केट में बिक रही बोतल बंद पानी में काई मिलने के दूषित जल की खुलेआम बिक्री को लेकर कलेक्टर से की गई शिकायत के सप्ताह भर बाद आज प्रशासनिक अमला संबंधित मामले की जांच के लिए फैक्ट्री पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बुधवार को दोपहर बाद शिवनंदनपुर स्थित धनंजय सिंह की प्लांट में जब प्रशासनिक अमले के पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश मिश्रा जब प्लांट में पहुंच संचालक से शिकायत के संबंध में पूछताछ किया तो संचालक द्वारा बोतल बंद पानी बिक्री से इंकार कर दिया गया। संचालक द्वारा प्रशासनिक अमले को दर्ज कराए गए बयान में बोतल बंद पानी हिन्द ब्रांड के निर्माण व बिक्री से साफ इंकार करते हुए बताया गया कि अभी 20 लीटर के डब्बे में खुला पानी उनके द्वारा बाजार में गंगा नीर के नाम से सप्लाई किया जा रहा है। मार्केट में कई विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि गंगा नीर के संचालक द्वारा ही उन्हें हिन्द ब्रांड की बंद पानी बोतल बिक्री के लिए पिछले चार पांच माह से उपलब्ध कराया जा रहा है। खबर यह भी है कि उक्त बोतल बंद हिन्द ब्रांड दूसरे के नाम से रजिस्टर्ड है, उसके लाइसेंस पर गंगा नीर के संचालक द्वारा अवैध रूप से अपने प्लांट में बोतल बंद पानी की पैकेजिंग कर बाजार में धडल्ले से अब तक खपाया जा रहा था।कलेक्टर से शिकायत के बाद संचालक द्वारा कार्यवाही से बचने वर्तमान में बोतल बंद पानी के स्टॉक को हटवाकर अभी पानी बोतल की पैकेजिंग बंद कर दी गई है। जांच अधिकारी पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने बताया कि प्लांट संचालक की उपस्थिति में प्लांट से पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया है। फूड सेफ्टी विभाग की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर सैंपल के रिपोर्ट आने के बाद विधि अनुसार मामले में कार्यवाही होगी।

## *स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक*

### गरिमामय आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को सौंपे दायित्व

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** आगामी 15 अगस्त को जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग दायित्व सौंपे। साफ-सफाई, शामियाना-टेंट, कुर्सी, माइक, बैरीकेट, पेयजल, शौचालय, आमंत्रण पत्र, साज-सज्जा एवं ध्वजा पताका, परेड की व्यवस्था आदि के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र हेतु का चयन करने, शहीदों के परिवारों को सम्मानित करने, अंतिम तैयारी के पूर्व रिहर्सल सहित सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जीमल, अपर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत बर्मन, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल प्रतापपुर मंडल कार्य समिति बैठक भाजपा कार्यालय प्रतापपुर में प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी परमेश्वरी राजवाड़े एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा जिला भाजपा उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह मण्डल अध्यक्ष अक्षय तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुवा। उक्त बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ हर कार्यकर्ता आम जनो अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाने प्रयास करें वही आने वाले नगरीय निकाय चुनाव त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को कमर कने की अपील की गई है आने वाले चुनाव में अधिक से अधिक जगह पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता को जीतने का संकल्प लिया है बैठक में मण्डल पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण बूथ अध्यक्ष गण पार्षदगण महीला मोर्चा उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 383.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कार्यालय भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून 2024 से अब तक 383.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। 24 जुलाई 2024 को तहसील बलरामपुर में 8.3 मि.मी., डौरा-कोचली में 0.5 मि.मी., कुसमी में 170 मि.मी., सामरी में 11.1 मि.मी., चांदो में 9.3 मि.मी. शंकरगढ़ में 25.1 मि.मी., रामानुजगंज में 8.4 मि.मी., रामचन्द्रपुर में 3.0 मि.मी., राजपुर में 35.5 मि.मी., वाड्रफनगर में 10.5 मि.मी., रघुनाथनगर में 53.3 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में प्रतिवेदित तिथि को कुल 333 मि.मी. वर्षा हुई है।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 01 जून से अब तक तहसील बलरामपुर में 335.7 मि.मी., डौरा-कोचली में 360.9 मि.मी., कुसमी में 962 मि.मी., सामरी में 254.5 मि.मी., चांदो में 251.4 मि.मी. शंकरगढ़ में 624.1 मि.मी., रामानुजगंज में 250.9 मि.मी., रामचन्द्रपुर में 221 मि.मी., राजपुर में 484.8 मि.मी., वाड्रफनगर में 333.8 मि.मी., रघुनाथनगर में 317.4 मि.मी. एवं चलगली में 207.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

## *बाल देखरेख संस्था व विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संचालन के लिए इच्छुक संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित*

*__बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।__ छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा किशोर न्याय(बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 41 के प्रावधान के तहत् जिले में प्राप्त होने वाले देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले 06 वर्ष से कम आयु के बालकों, अनाथ, बेसहारा, परित्यक्त, अभ्यप्रित, बाल भिक्षुक, बाल तस्करी से पीड़ित, शोषण का शिकार, सड़क पर रहने वाले बालकों को संरक्षण प्रदान करने के लिए बाल देखरेख संस्था व विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संचालन के लिए इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अशासकीय संस्था/संगठन से आवेदन आमंत्रित किया गया है।*

*इच्छुक संस्था बल देखरेख संस्था के संचालन के लिए निर्धारित प्रारूप(प्रारूप 27) में अपना आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला बल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बलरामपुर में 06 अगस्त 2024 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क कर सकते है।*

# बजट 2024 देश के 140 करोड़ लोगों को समर्पित : सीएम योगी

एजेंसी



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह समावेशी, विकासोन्मुख और देश के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। उन्होंने एक बयान में कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे और मध्यम वर्ग के लिए बजट में घोषित आयकर के नए टैक्स स्लैब स्वागतयोग्य हैं।यह बजट एक वित्तीय दस्तावेज है जो भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और दुनिया के लिए विकास इंजन बनने की दिशा में एक कदम है।

योगी ने कहा कि यह बजट देश के 140 करोड़ लोगों को समर्पित है। मैं पीएम मोदी के साथ-साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि आम बजट 2024-25 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इसमें अंत्योदय की पावन भावना, विकास की असीम संभावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि है।इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दृष्टि और वंचित को वंचना से मुक्त कराने का रोडमैप है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्राविधानों की घोषणा स्वागत योग्य है।

मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज जो बजट प्रस्तुत किया गया है, उसमें महंगाई दर को कम करने की भावना परिलक्षित होती है।सरकार की 9 सूत्रीय योजनाएं कृषि उत्पादकता, रोजगार व कौशल प्रशिक्षण, आर्थिक व समावेशी विकास और सामाजिक न्याय पर यह बजट केंद्रित है। विकसित भारत में ही विकसित मध्यप्रदेश की भावना छिपी है, मैं इस बजट के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों, युवाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान पर केन्द्रित है। नयी टैक्स रिजीम में स्टैण्डर्ड डिडक्शन को 50 हजार से 75000 रुपये, मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने तथा 30 लाख युवाओं के कौशल विकास के लिए 2 लाख करोड़ के पैकेज करने का निर्णय ऐतिहासिक है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट बताया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट...प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किये गए केंद्रीय बजट को (मैंने) मुख्यमंत्री कार्यालय में सुना।यह बजट विकसित भारत की परिकल्पना, अंत्योदय के प्रति दृढ़ संकल्प, एवं नए भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप है।

असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि निर्मला सीतारमण जी और उनकी टीम को एक ऐसा बजट पेश करने के लिए धन्यवाद, जो भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए एक ठोस रोड मैप तैयार करता है और हमारी अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने का प्रयास करता है, जैसा कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना की है।

# निर्मला सीतारमण ने इतिहास रचते हुए लगातार 7वां केंद्रीय बजट किया पेश

एजेंसी



नई दिल्ली, निर्मला सीतारमण ने इतिहास रचते हुए लगातार 7वां केंद्रीय बजट संसद में पेश किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि शानदार रही। वित्त मंत्री सीतारमण भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला केंद्रीय बजट पेश कर रही हैं। सीतारमण देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं और उन्होंने जुलाई 2019 से अब तक पांच पूर्ण बजट और 1 फरवरी, 2024 को अंतरिम बजट पेश किया है। निर्मला सीतारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने कुल छह केंद्रीय बजट पेश किए थे।

लोकसभा में अपने बजट संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत और आशाजनक बनी हुई है। उनकी टिप्पणियों ने रणनीतिक नीतियों और बजटीय उपायों के माध्यम से आर्थिक गति को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले संसद पहुंचे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किए जाने के लिए मंच तैयार किए जाने के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मौजूद हैं। प्रधानमंत्री की मौजूदगी बजट पेश किए जाने के महत्व को रेखांकित करती है, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सरकार की वित्तीय रणनीति और प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जाएगा। यह बजट मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन की झलक पेश करेगा तथा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का रोडमैप भी प्रस्तुत करेगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 75,410.39

निफ्टी 22,957.10

## निपाह से मरने वाले के करीबियों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है: केरल की स्वास्थ्य मंत्री

एजेंसी

मलप्पुरम (केरल)। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि निपाह से मरने वाले 14 वर्षीय लड़के के करीबी रिश्तेदारों और उसके सीधे संपर्क में आए अन्य लोगों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है।राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार निपाह प्रभावित के संपर्क सूची में उच्च जोखिम वाली श्रेणी में शामिल पांच लोगों सहित उन्नीस लोगों का परीक्षण किया गया और उनकी रिपोर्ट आज जारी की जाएगी। मलप्पुरम में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मंत्री जॉर्ज ने कहा कि यह राहत की बात है कि उनके करीबी रिश्तेदार और उनके संपर्क में आए अन्य लोगों का निपाह परीक्षण नेगेटिव आया है। गौरतलब है कि मल्लपुरम में ही निपाह के कारण किशोर की मौत की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगाए गए प्रतिबंध हालांकि जारी रहेंगे और उन्हें अभी नहीं हटाया जा सकता है। मंत्री ने लोगों से सतर्क रहने और सार्वजनिक स्थानों पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने का आग्रह किया। स्वास्थ्य विभाग ने 406 लोगों की संपर्क सूची तैयार की है जिनमें से 194 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। निपाह संक्रमण के कारण उपचाराधीन मलप्पुरम निवासी 14 वर्षीय किशोर की रविवार सुबह मौत हो गई थी।

# गांव, गरीब, किसान को समर्पित बजट

## शिक्षा और स्किल को मिलेगा बढ़ावा, रोजगार का होगा सृजन : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि यह गांव, गरीब और किसानों को समर्पित है।उन्होंने बजट के बाद अपने संबोधन में कहा कि देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने वाले इस महत्वपूर्ण बजट के लिए मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। वित्त मंत्री निमार्ला सितारमण व उनकी पूरी टीम बहुत-बहुत बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि ये बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। ये देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है।

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये जो नव मध्यम वर्ग बना है, ये बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है। ये नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है।उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी बजट हमारे समाज के हर वर्ग का उत्थान और सशक्तिकरण करेगा, जिससे सभी के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। यह बजट नये मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के लिए है। इस बजट से युवाओं को असीमित अवसर मिलेंगे। इस बजट से शिक्षा और



कौशल को नया पैमाना मिलेगा। यह बजट नए मध्यम वर्ग को ताकत देगा...इस बजट से महिलाओं, छोटे कारोबारियों, एमएसएमई को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी। ये मीडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है। ये जनजातीय समाज, दलितों और पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है।इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि इस बजट से छोटे व्यापारियों, टरटएर को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। बजट में मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत फोकस है।इससे आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने 'रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना' की घोषणा की है। इससे रोजगार के कई अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। इस योजना के तहत, सरकार उन लोगों को पहला वेतन देगी जो कार्यबल में नए प्रवेश कर रहे हैं। अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के तहत गांवों के युवा देश की शीर्ष कंपनियों में काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें हर शहर, हर गांव, हर घर ल्लि३१स्त्र१ल्ली४१ बनाना है। इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

## 'दिशाहीन, जनविरोधी, कोई विजन नहीं, सिर्फ राजनीतिक मिशन है', मोदी सरकार के बजट पर भड़कीं ममता बनर्जी

एजेंसी

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 को राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी करार दिया और राज्य को वंचित करने के लिए केंद्र की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताया कि पश्चिम बंगाल ने क्या गलती की है कि उसे केंद्र द्वारा वंचित किया गया है।बजट को लेकर ममता ने एक बयान में कहा कि यह दिशाहीन, जनविरोधी, कोई विजन नहीं, सिर्फ राजनीतिक मिशन है।मुझे कोई रोशनी नहीं दिखती, अंधेरा है।

ममता ने कहा कि वे चुनाव के दौरान बड़े-बड़े दावे और वादे करते हैं। लेकिन वोट मिलने के बाद वे दार्जिलिंग, कलिम्पोंग को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग की पहाड़ियों के लोगों को यह याद रखना चाहिए। सिक्किम को चीजें मिलने दीजिए, हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन दार्जिलिंग को वंचित रखना ठीक नहीं है। यह बजट जनविरोधी है, गरीब विरोधी है और आम लोगों के लिए नहीं है।' यह एक पार्टी को खुश करने वाला बजट है। यह राजनीतिक पूर्वाग्रहों से भरा बजट है। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि मैं इसे छेड़छाड़ वाला बजट कहता हूं...प्रमुख समस्याएं - 9.2% पर बेरोजगारी और 5% पर मुद्रास्फीति - का बिल्कुल भी समाधान नहीं किया गया है। राज्यों को उनका उचित हिस्सा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ आंध्र प्रदेश और बिहार को फायदा हुआ। यह बिल्कुल भी अच्छा बजट नहीं है। उन्होंने बुनियादी ढांचे में सब कुछ निवेश किया है, जिसे आकार लेने में काफी समय लगेगा।

# मोदी 3.0 के पहले बजट को राहुल गांधी ने बताया कुर्सी बचाओ बजट

**ये देश के विकास के लिए नहीं : खड़गे**

एजेंसी

नई दिल्ली, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भाजपा के सहयोगियों और क्रोनीज को खुश करना है।कांग्रेस नेता ने दस्तावेज को कुर्सी बचाओ बजट बताया और आरोप लगाया कि यह कांग्रेस पार्टी के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र से नकल किया गया था। राहुल ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि कुर्सी बचाओ बजट। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, सहयोगियों को खुश करने के लिए अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे किए



गए। अपने मित्रों को खुश किया गया, एए को लाभ दिया गया, लेकिन आम भारतीय को कोई राहत नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस का घोषणापत्र और पिछले कुछ बजट का कॉपी-पेस्ट किया गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह बजट सिर्फ दो लोगों के लिए है...वे (भाजपा सरकार) बहुत सारे वादे करते हैं लेकिन कुछ नहीं होता। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह नकलची बजट है जिसमें सरकार कांग्रेस के न्याय के एजेंडे की ठीक तरह से नकल नहीं कर पाई है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का नकलची बजट ! मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बांट रहा है, ताकि राजग बची रहे। यह देश की तरक्की का बजट नहीं, मोदी सरकार बचाओ बजट है। उन्होंने कहा कि 10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुईं हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं।

# मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद ने सूचना प्रौद्योगिकी नीति में संशोधन को मंजूरी दी, रियायतों की घोषणा की

एजेंसी

भोपाल। मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद ने सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी, जिससे राज्य में अपना कारोबार स्थापित करने वाली कंपनियों को कई लाभ मिलेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मध्यप्रदेश आईटी, आईटीईएस (सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं) और ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण) निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी गई। एक अधिकारी ने बताया, मंत्रिमंडल ने



राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एमपी आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी है। संशोधनों के अनुसार, पात्र निवेशक इकाइयों को एकल खिड़की मंजूरी, पूंजीगत व्यय और किराया सहायता, सस्ती दरों पर भूमि, स्टांप शुल्क छूट, विपणन और गुणवत्ता नियंत्रण सहायता जैसे लाभ मिलेंगे। अधिकारी ने बताया कि नीति के क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। राज्य के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए यह नीति लाई गई है। उन्होंने कहा, हमने देश के विभिन्न राज्यों की आईटी नीतियों का अध्ययन किया और निवेश आकर्षित करने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए मध्यप्रदेश के लिए इसे विकसित किया। हम आईटी क्षेत्र में और अधिक निवेश चाहते हैं।

# इसरो ने किया एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी का सफल परीक्षण

**आरएच-560 साउंडिंग रॉकेट का किया गया इस्तेमाल**

एजेंसी

नई दिल्ली, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करते हुए दूसरी प्रायोगिक उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 07:00 बजे आयोजित परीक्षण, भारत की अंतरिक्ष प्रणोदन क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण कदम है।प्रयोग में लागत प्रभावी उड़ान परीक्षण के रूप में इसरो के आरएच-560 साउंडिंग रॉकेट का उपयोग किया गया, जो इसके साउंडिंग रॉकेट परिवार में सबसे भारी है। एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन सिस्टम को रॉकेट के दोनों ओर सममित रूप से लगाया गया था, जो उन्नत प्रौद्योगिकियों के परीक्षण के



लिए इसरो के अभिनव दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है।

उड़ान के दौरान, प्रणोदन प्रणाली के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए लगभग 110 मापदंडों की बारीकी से निगरानी की गई। परीक्षण ने साउंडिंग रॉकेट का संतोषजनक प्रदर्शन हासिल किया और एयर ब्रीथिंग प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक प्रज्वलित किया, जिससे इस अत्याधुनिक तकनीक में भविष्य के विकास के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान किया गया। यह प्रायोगिक उड़ान विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) और इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) सहित विभिन्न इसरो केंद्रों पर किए गए व्यापक जमीनी परीक्षणों पर आधारित है। बेंगलुरु में सीएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज (सीएसआईआर-एनएएल) के साथ सहयोग इस तकनीक को विकसित करने में अपनाए गए व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।एयर ब्रीथिंग प्रोपलशन टेक्नोलॉजी का सफल प्रदर्शन इसरो की क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। इस तकनीक में वाहनों को ऑक्सीडाइजर के रूप में वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उपयोग करने की अनुमति देकर अंतरिक्ष यात्रा में क्रांति लाने की क्षमता है, जिससे संभावित रूप से प्रणोदन प्रणाली के समग्र वजन को कम किया जा सकता है और पेलोड क्षमता में वृद्धि हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर के बट्टल सेक्टर में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक जवान घायल

एजेंसी

नई दिल्ली, साल 2024 में जब से लोकसभा चुनावों के लिए जम्मू-कश्मीर में मतदान हुए है और वहां लोगों ने मतदान प्रक्रिया में दिलखोल कर भाग लिया है तब से आतंकियों के होश उड़ गये हैं। आतंकियों का एक समय में गढ़ माना जाने वाला कश्मीर अब आतंक के विरोध में हैं लेकिन यह बाद आतंकवादियों और पड़ोसी देश को पच नहीं रही है। वह बौखला गये हैं। पिछले काफी समय से आतंकवादी काफी ज्यादा कश्मीर में एक्टिव होकर भारतीय सेना के जवानों को टारगेट कर रहे हैं। अभी हाल ही में लगातार हुई आतंकियों से मुठभेड़ में भारत ने अपने कई वीरो को खो दिया है। इसके बाद अब सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक बयान में कहा कि गोलीबारी सोमवार और




मंगलवार की दरम्यानी रात को हुई और जवाबी कार्रवाई अभी जारी है। ताजा मुठभेड़ पुंछ जिले के बट्टल सेक्टर में हुई। सैन्य इकाई ने ट्वीट किया, सतर्क सैनिकों ने सुबह तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों पर प्रभावी गोलीबारी करके घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। भारी गोलीबारी के दौरान एक बहादुर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है। सोमवार की सुबह जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना की एक चौकी और एक विलेज डिफेंस ग्रुप (वीडीजी) के घर पर हुए दोहरे आतंकी हमलों को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया, जिसमें एक जवान और एक नागरिक घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि पूरे दिन आतंकवादियों के साथ रुक-रुक कर हुई गोलीबारी के बाद सेना, पुलिस, सीआरपीएफ और वीडीजी की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। सूत्रों के अनुसार, सेना के शिविर पर करीब तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमला किया था और यह वीडीजी सदस्य के आवास के पास स्थित था, जिन्हें हाल ही में 2023 में उसी क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान में उनकी भूमिका के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने सबसे पहले खवास तहसील के गुंडा इलाके में वीडीजी सदस्य के घर पर गोलीबारी की और जब सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की तो उन्होंने ग्रेनेड फेंके। सुबह करीब 4 बजे आतंकवादियों ने क्षेत्र में एक नई स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिससे फिर से गोलीबारी शुरू हो गई। घायल सैनिक और नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कथित तौर पर एक आतंकवादी मारा गया है, लेकिन शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है।

## सम्पादकीय

# आर्थिक तस्वीर मजबूत, पर अनेक सुधार भी आवश्यक

आम बजट के ठीक एक दिन पहले आई वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक समीक्षा देश की मजबूत आर्थिक तस्वीर पेश करती है। सरकार की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर रहने का सतर्क अनुमान जताया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 8.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कम है। साथ ही यह चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई के 7.2 प्रतिशत अनुमान से भी कम है। इसमें अर्थव्यवस्था में अधिक नौकरियां सृजित करने की जरूरत के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चीन से अधिक प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का समर्थन किया गया है। यह चौंकाने वाला है। इसमें खाद्य पदार्थों को छोड़कर, मुद्रास्फीति का लक्ष्य तय करने पर गौर करने का भी सुझाव दिया गया है। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं। समीक्षा में बढ़ते शेयर बाजार को लेकर भी आगाह किया गया है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ी है और अति आत्मविश्वास तथा ज्यादा रिटर्न की उम्मीदों के कारण सट्टेबाजी की संभावना है। हाल में बैंक प्रमुखों ने बैंकों में घट रही बचत जमा पर चिंता जताई है, जिसके पीछे स्टॉक मार्केट व गेमिंग की लत को कारण माना गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बीच बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, अतिरिक्त क्षमता वाले देशों से सस्ते आयात की आशंका निजी पूंजी के निर्माण को सीमित कर सकती है। समीक्षा में यह स्वीकार किया गया है कि मध्यम अवधि में यदि संरचनात्मक सुधार लागू किए गए तो टिकाऊ आधार पर सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर की संभावना बनती है। समीक्षा में निजी निवेश को बढ़ावा देने, छोटी कंपनियों और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने का सुझाव दिया गया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन बढ़ाने, छोटी कंपनियों के लिए कारोबार को सुगम बनाने और आय असमानता पर गौर करने की भी बात कही गई है। ऑक्सफेम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में पिछले दो दशक में आर्थिक असमानता अधिक बढ़ी है। बजट में समावेशी व सस्टेनेबल विकास के कदम से आर्थिक असमानता की खाई पाटने की कोशिश होनी चाहिए। प्राथमिकताओं में शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को पाटना भी शामिल होना चाहिए। हाल के वर्षों शिक्षा व रोजगार के बीच अंतर काफी बढ़ा है, शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है, इसलिए बड़े शैक्षिक सुधार की आवश्यकता है और स्किल बेस्ड शिक्षा की जरूरत है। आने वाले वक्त में देश में डिजिटल व वित्तीय क्षेत्र में स्किल बेस्ड करोड़ों जॉब सृजित होंगे। रोजगार सृजन के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने को लेकर श्रम सुधारों के क्रियान्वयन में तेजी लाने का भी आह्वान किया गया है। देश में बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को पहले से कहीं अधिक त्रिपक्षीय समझौते की जरूरत है। आज आने वाले में आम बजट में समीक्षा में दिए गए सुझावों पर गौर किए जाने की उम्मीद है और विकास को गति देने के साथ रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की आस है। उम्मीद है सभी वर्ग को साधने की कोशिश इस बजट में होगी।



आम बजट 24-25
शंभू भद्र

बजट में लाभार्थी क्लास ज्ञान (गरीब, युवा, किसान व महिला शक्ति) के लिए नई घोषणाएं हो सकती हैं। आयुष्मान योजना के स्वरूप व दायरे में बदलाव हो सकता है। आयकर छूट की सीमा बढ़ाने की बड़ी मांग है, वित्त मंत्री को दस से बारह लाख रुपये सालाना आय को टैक्स से मुक्त करना चाहिए। बजट में नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को लेकर कुछ नई घोषणाएं हो सकती हैं। यदि सरकार सभी 25 वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए 30 वर्ष की अवधि तक हेतु अनिवार्य पेंशन योजना लेकर आएगी तो सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ सकती है। बजट को मैक्रो नहीं माइक्रो बनाना चाहिए। रेल बजट व कृषि बजट को आम बजट से अलग करना चाहिए।

# बजट में सुधार के रोडमैप की उम्मीद

आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी। महिला वित्त मंत्री के रूप उनका यह नया रिकार्ड होगा। निर्मला मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी। भाजपा को नहीं, राजग को जनादेश के चलते वित्त मंत्री इस बार दबाव में होंगी। जहां मजबूत विपक्ष का सरकार पर दबाव है, वहीं टीडीपी व जदयू जैसे सहयोगी दलों का भी दबाव है। इस दबाव का असर बजट पर जरूर दिखेगा। बजट से लोगों की अपेक्षाओं को जानने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौ जून को शपथ के बाद से कई बैठकें की हैं, उनकी मांगों की छाप भी बजट में दिखेगी। आंध्र प्रदेश व बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना सरकार के वित्तीय सहूलियत के हिसाब से आसान नहीं होगा। इसलिए बजट में इसकी उम्मीद कम है। भाजपा पर अपने चुनावी वादे पूरे करने का भी दबाव है। इतना ही नहीं सरकार विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसे संकल्पों से भी लदी हुई है। बजट पर इन संकल्पों का भी प्रभाव रहेगा। लाभार्थी क्लास ज्ञान (गरीब, युवा, किसान व महिला शक्ति) के लिए नई घोषणाएं हो सकती हैं।

आयुष्मान योजना के स्वरूप व दायरे में बदलाव हो सकता है। मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्पपत्र जारी करते हुए कहा था कि 70 साल से ऊपर के सभी नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। सरकार का ध्यान हेल्थ बीमा योजनाओं के साथ स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी दूर करने पर होना चाहिए। सरकार इस बजट में स्वास्थ्य सेक्टर को प्रायोरिटी पर ले सकती है।

नौकरी पेशा मध्यवर्ग की ख्वाहिश आयकर छूट की सीमा बढ़ाने की है, वित्त मंत्री को दस से बारह लाख रुपये सालाना आय को टैक्स से मुक्त करना चाहिए, इससे सरकार की कर वसूली पर बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा, केवल चार फीसदी लोग ही आयकर के दायरे में हैं। कर छूट सीमा बढ़ाने से बचत के रूप में बैंकों में जमा बढ़ेगी व कंज्यूमर उत्पाद सेक्टर को लाभ होगा। उच्च महंगाई के दौर में ढाई से तीन लाख तक की आयकर छूट सीमा कुछ भी नहीं है। आयकर छूट की सीमा को इतना कम रखना न अच्छा अर्थशास्त्र है, न अच्छी राजनीति है। सरकार इस मांग को बजट दर बजट इग्नोर करती रहेगी, तो अपनी लोकप्रियता भी खोती रहेगी। इस बजट में वित्त मंत्री आयकर सीमा को लेकर उदार कदम उठा सकती है, हालांकि अधिकांश अर्थशास्त्रियों को इसकी उम्मीद कम है। चूंकि आगे पांच राज्यों में कुछेक महीने के बाद विधानसभा चुनाव हैं, जहां भाजपा व राजग की साख दांव पर हैं, इसलिए बजट में कुछ लोकलुभावन जैसी टोकन योजना हो सकती है, जिसकी भाजपा को अधिक जरूरत है, क्योंकि अब 'मोदी की गारंटी' काम नहीं कर रही है। भाजपा अगर इस आम चुनाव में अपनी कम सीटें मिलने का ईमानदारी से अध्ययन करेगी, तो पाएगी कि ब्रांड मोदी का प्रभाव कम हुआ है, इसलिए अब ब्रांड स्कीम्स पर फोक्स करना होगा। इस बार के बजट में ब्रांड स्कीम्स पर जोर हो सकता है।




सरकार पर आर्थिक सुधार के अगले चरण में जाने का दबाव है। बजट में रिफॉर्म के कदम दिख सकते हैं, जिसमें हाईवे, पोर्टवे, एयरपोर्टवे, डिजिटलवे, ग्रीनवे, इलेक्ट्रिकलवे पर फोकस हो सकता है, ग्रामीण और कृषि क्षेत्र के लिए आवंटन बढ़ाया जा सकता है और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाया जा सकता है। रिकार्ड जीएसटी वसूली के चलते अब अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में जीएसटी परिषद को अपनी दरों को कम करने पर विचार करना चाहिए। जीएसटी दरों में कमी से महंगाई से राहत मिल सकती है। हालांकि बजट में जीएसटी को लेकर किसी कदम की उम्मीद कम है।

कोविड महामारी के बाद से सरकार की राजकोषीय रणनीति में सामाजिक सुरक्षा योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। इसलिए बजट में अंत्योदय, पीडीएस, मुफ्त अनाज, मनरेगा, सब्सिडी, किसान निधि, उज्ज्वला जैसी योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ सकता है। इस तीन तिमाही वाले बजट में पहले से चिन्हित सभी सात प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता का पूर्ण उपयोग, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र के विस्तार पर फोकस जारी रखे जाने की संभावना है। यह बजट जहां जीडीपी ग्रोथ बढ़ाने वाला होगा, वहीं सस्टेनेबल ग्रोथ को भी गति देने वाला होगा।

इस आम बजट में नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को लेकर कुछ नई घोषणाएं हो सकती हैं। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस को लेकर समिति भी गठित की थी। लेकिन यदि सरकार सभी 25 वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए 30 वर्ष की अवधि तक हेतु अनिवार्य पेंशन योजना लेकर आएगी तो सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ सकती है। अलग-अलग पेंशन योजनाएं लागू करने के बजाय सरकार को एक अनिवार्य राष्ट्रीय पेंशन योजना लेकर आना चाहिए, जिसमें 25 वर्ष की उम्र से अधिक के सभी नागरिकों को अपनी पेंशन के लिए मासिक एक न्यूनतम राशि का अंशदान अनिवार्य रूप से करना होगा, चाहे नागरिक कोई भी काम करता हो, निजी क्षेत्र में नौकरी या सरकारी क्षेत्र में या फिर अपना उद्योग-व्यापार। अंशदान 30 वर्ष के लिए अनिवार्य होगा। इरडा से रेगुलेट करे और ईपीएफओ पेंशन फंड का प्रबंधन करे। इस पेंशन योजना को लागू करने से सरकार सामाजिक सुरक्षा स्कीमों से धीरे धीरे मुक्त होती जाएगी, नागरिक स्वयं अपने भविष्य को सुरक्षित करेगा। सरकार को यह फायदा होगा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर कोष के लिए कभी फंड की कमी नहीं आएगी, क्योंकि करोड़ों नागरिकों का नियमित अंशदान सरकार के पास बड़ी रकम के रूप में आएगी। राष्ट्रीय पेंशन योजना को एलआईसी की तरह सरकार ही चलाए, इसमें निजी क्षेत्र न हो। एनपीएस एलआईसी से बड़ा कोष साबित होगी।

पिछले दसेक वर्ष में मोदी सरकार ने जिस तरह योजना आयोग को नीति आयोग बनाकर वित्त वर्ष की योजना का तीन वर्षीय, पांच वर्षीय और पचीस वर्षीय योजना आदि से घालमेल कर दिया है, रेल बजट को खत्म कर दिया है, उससे आम बजट की अहमियत घटी है, बजट में एक वित्त वर्ष के दौरान आर्थिक लक्ष्य हासिल करने की कार्ययोजना नहीं रहती है। लगता है जैसे आम बजट राशि आवंटन के ऐलान का दसतावेज बन कर रह गया है। कायदे से बजट में एक वित्त वर्ष में आर्थिक लक्ष्य पाने का एक्शन प्लान होना चाहिए, इससे संबंधित विभाग व मंत्री-अफसर की जिम्मेदारी तय होगी, अगले तीन साल में, अगले पांच साल में देश की अर्थव्यवस्था कहां होगी, उसका भी रोडमैप बजट में होना चाहिए और अगले 20 से 25 वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा क्या होगी, भारत किस नए आर्थिक क्षेत्र में ताकत बनकर उभरेगा, बजट में इसकी दृष्टि भी होनी चाहिए। बजट को मैक्रो नहीं माइक्रो बनाना चाहिए। रेल बजट व कृषि बजट को आम बजट से अलग करना चाहिए। आर्थिक लोकतंत्र व आर्थिक विकेंद्रीकरण से देश अधिक तेजी से सस्टेनेबल विकास कर पाएगा। बजट जनाकांक्षाओं को पूरा करेगा।

आम बजट
सतीश सिंह



# बैंक जमा करमुक्त होने की आशा


भारतीय बैंक आज डिपॉजिट की कमी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ऋण-जमा अनुपात 80 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच चुका है, जो 2015 के बाद का उच्चतम स्तर है। सीडी अनुपात यह बताता है कि बैंक के जमा आधार का कितना हिस्सा ऋण के लिए उपयोग किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2023 में बैंक जमा में 9.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई थी, जबकि उधारी में 15.4 प्रतिशत की दर से। भारतीय रिजर्व बैंक अनुसार पिछले साल के मुक़ाबले चालू वर्ष की 1 जनवरी से 14 जून 2024 तक बैंक जमा में 3.5 लाख करोड़ रुपए की कमी दर्ज की गई है, जबकि ऋण में वर्ष दर वर्ष के आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा ऋण और जमा के बीच बढ़ रही खाई को दर्शाता है। बैंकिंग का मूल सिद्धांत है, ग्राहकों से डिपॉजिट लेना और जरूरतमंदों व कारोबारियों को ऋण देना। डिपॉजिट और ऋण राशि के बीच हमेशा तालमेल बनाकर रखने की जरूरत होती है। मुनाफा के लिए डिपॉजिट और ऋण के बीच एक निश्चित अंतर होना जरूरी है। इसमें मिस-मैच आना बैंकों की सेहत के लिए ठीक नहीं होता है अर्थात बैंक में डिपॉजिट और ऋण का समान महत्व है।

मौजूदा समय में देनदारियाँ यानी जमा राशि की लागत बढ़ती जा रही है, जबकि ऋण दर लगभग स्थिर बनी हुई है। इससे शुद्ध ब्याज मार्जिन और शुद्ध ब्याज आय पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। हालांकि, ऋण वितरण में अभी और भी तेजी आने की उम्मीद है, लेकिन जमा की बढ़ती लागत बैंकों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। पहले डिपॉजिट बढ़ाने के लिए सभी बैंक अपने बैलेंस शीट की मजबूती के अनुरूप जमा पर ज्यादा ब्याज देते थे, ताकि उनका जमा आधार बढ़े, लेकिन अब जमा लागत बढ़ने के कारण शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर दबाव बढ़ रहा है और शुद्ध ब्याज मार्जिन से होने वाले मुनाफे में कमी आने से बैंकों की ऑपरेटिंग प्रॉफ़िट में कमी आ रही है। साथ ही, बैंकों से जमा के उच्च बहिर्वाह के कारण बैंकों के समक्ष तरलता का जोखिम पैदा हो रहा है। डिपॉजिट की समस्या का एक बड़ा कारण बैंकों द्वारा इकठ्ठा की गई जमाराशि का एक हिस्सा विनियामक आवश्यकताओं, जैसे नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) के लिए अलग से रखना है, जिससे उधार देने योग्य राशि कम हो गई है। हाल की तिमाहियों में बैंकों ने धीमी जमा वृद्धि के बीच ऋण वृद्धि में तेजी लाने के लिए अपने अधिशेष एसएलआर होल्डिंग्स का इस्तेमाल किया था, जिसके कारण एसएलआर के बफर में कमी दर्ज की गई और बैंकों को लाभप्रदता के साथ-साथ जमा दर वृद्धि को संतुलित करने की चुनौती का सामना करना पड़ा। अस्तु, सरकार को इसके बरक्स भी बजट में समुचित प्रावधान करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा कर वसूलने या राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए बचत और आवृति जमा पर मिलने वाले ब्याज को भी सरकार ने कर योग्य बना दिया है। मियादी जमा पर तो सरकार पहले से ही कर वसूल रही थी। सरकार को जमा पर से टैक्स वसूलने से बचने की जरूरत है, क्योंकि आज की तारीख में बैंकों के समक्ष जमा आधार बढ़ाने की चुनौती एक बहुत बड़ी समस्या बनकर उभरी है। बैंक को उधारी देने के लिए जमा की जरूरत होती है, लेकिन आज बैंकों के जमा आधार में निरंतर कमी आ रही है। ऐसे में पर्याप्त जमा के अभाव में बैंकों के कारोबार के असफल होने की संभावना बढ़ गई है। मौजूदा परिवेश में बैंकिंग क्षेत्र को उम्मीद है कि सरकार बैंकों की इस समस्या को समझते हुए बैंक जमा पर से टैक्स खत्म करेगी, ताकि निवेशक बैंक में अधिक प्रतिफल मिलने की आशा में बैंक में निवेश करने के लिए प्रेरित हों। पुनश्चः मोटे तौर पर आज भी देश में आबादी का एक बड़ा तबका शेयर बाजार, बीमा और म्यूचुअल फंड में निवेश नहीं करना चाहता है। अधिकांश लोग आज भी बैंक में निवेश को सुरक्षित मानते हैं, लेकिन सरकार द्वारा जमा पर भी टैक्स वसूलने के कारण, आमजन निवेश के दूसरे विकल्प ढूँढने के लिए मजबूर हो गए हैं।

वैसे बुजुर्ग, जिनके जीने का आधार सिर्फ बैंक जमा है, अगर उसपर भी टैक्स लिया जाएगा तो उनके लिए जीना दुर्भर हो जाएगा। बुजुर्ग होने पर स्वास्थ पर होने वाले खर्च पर बहुत ही ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है। मामले में बैंकों ने दो गलतियाँ की। पहला, जमा बढ़ाने के लिए आकर्षक योजनाएँ चलाना बंद कर दिया और दूसरा, बैंक डिपॉजिट का इस्तेमाल म्यूचुअल फंड और बीमा कारोबार को बढ़ाने में किया जाने लगा। बैंक कर्मचारी, ग्राहकों को म्यूचुअल फंड और बीमा में अधिक प्रतिफल मिलने का लालच देने लगे। इसकी वजह से ग्राहक मियादी और बचत खाते से निकासी करके म्यूचुअल फंड और बीमा में निवेश करने लगे। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्ति कांत दास हाल में संपन्न निजी और सरकारी बैंकों के प्रमुखों की बैठक में ऋण और जमा राशि के बीच बढ़ती खाई पर चिंता जता चुके हैं।

(लेखक बैंककर्मी व वित्तीय जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## बड़े भाग मानुष तनु पावा


संकलित
**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।

## अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था

संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानसून में भी कम बारिश क्यों

विशेषज्ञ बता रहे हैं कि कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हुई। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। जुलाई और अगस्त देश के लगभग सभी राज्यों के लिए मानसून के महीने माने जाते हैं। अगस्त महीने में मानसून की यौवनावस्था होती है। विचार करने वाला और चिंता का विषय तो यह है कि आखिर इन राज्यों में मानसून क्यों कमजोर पड़ रहा है? कहीं यह भी ग्लोबल वार्मिंग के लक्षण तो नहीं हैं? कहीं इसका कारण धड़ाधड़ वृक्षों पर चलती कुल्हाड़ी तो नहीं है? घटती हरियाली और बढ़ती कंक्रीट के जंगलों की संख्या बारिश कम होने के कारण तो नहीं हैं? कम बारिश सचुमच ही बहुत बड़ा चिंता का विषय है।

*- मुकेश पाटिल, रायगढ़*

## करंट अफेयर


### ट्रंप की उम्मीदवारी पर मस्क और खोसला में जुबानी जंग



अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई "कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति ने सवाल किया, "वह मेरे करों में कटौती कर सकते हैं या कुछ विनियमन में राहत दे सकते हैं, लेकिन यह उनके व्यक्तिगत मूल्यों में व्याप्त भ्रष्टता को स्वीकार करने का कोई कारण नहीं हो सकता। क्या आप एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं, जो अपने पहले वर्ष में जलवायु प्रगति को एक दशक पीछे धकेल दे? क्या आप अपने बच्चों को अच्छे मूल्य सिखाते समय उदाहरण के रूप में उन्हें पेश करना चाहते हैं? खोसला के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा, 'ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं।

## ऑफ बीट

### अकेलापन स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकता है



लाखों कनाडाई अकेले हैं। यह चिंताजनक है क्योंकि अकेलापन, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द' के रूप में परिभाषित किया गया है, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों में गिरावट की भविष्यवाणी करता है। शोध से पता चलता है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव प्रति दिन 15 सिगरेट पीने के बराबर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। अकेलेपन से निपटने के लिए, लोगों को आमतौर पर सामाजिक संबंध तलाशने की सलाह दी जाती है। कई लोगों के लिए, यह मार्गदर्शन प्रियजनों, जैसे करीबी दोस्तों, परिवार और रोमांटिक साझेदारों के साथ समय बिताने की याद दिलाता है। लेकिन क्या ऐसे अन्य लोग भी हैं जिन तक हम पहुंच सकते हैं? हाल ही में संचार मनोविज्ञान में प्रकाशित हमारे शोध में हमने जांच की कि क्या लोगों के पास 'पुराने दोस्त' हैं – ऐसे व्यक्ति जिनकी वे परवाह करते हैं लेकिन जिनके साथ उनका संपर्क टूट गया है – और कितनी आसानी से इन रिश्तों को फिर से जीवंत किया जा सकता है। हमने पाया कि कुछ रणनीतियाँ लोगों को फिर से जुड़ने में मदद कर सकती हैं – और, नए शोध में, हमें यह समझ में आ रहा है कि कुछ मूल्य और व्यक्तित्व लक्षण लोगों के लिए भविष्य में संपर्क में रहना आसान बना सकते हैं।

## ट्रेंड

### सिर्फ इतिहास नहीं



विरासत सिर्फ इतिहास नहीं है। यह मानवता की साझा चेतना है। हमें वैश्विक कल्याण को बढ़ाने और गहरे संबंध बनाने के लिए इसका लाभ उठाना चाहिए। विरासत ही हमें बेहतर बनने और मानवता को प्रेरित करती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आसान सा सवाल



मुद्दा यह है कि जो कुछ हो रहा है, उससे देश के लाखों छात्र बेहद चिंतित हैं। लाखों लोग मानते हैं कि अगर आप अमीर हैं तो आप भारतीय परीक्षा प्रणाली को खरीद सकते हैं। इसीलिए हम माननीय मंत्री से कुछ बहुत आसान सा सवाल पूछ रहे हैं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### सबूत मिल सकते हैं



जब भी सरकार इनकार करना बंद कर दे, तो कृपया मेरे द्वारा वीडियो में सूचीबद्ध किए गए कई पेपर लीक मामलों में से एक की जांच करें। जिसके बारे में आपने अभी इनकार किया है कि ऐसा कभी हुआ था। इस बार आपको सबूत भी मिल सकते हैं। पूरा मामला साफ हो जाएगा।

-राघव चड्ढा, आप नेता

### क्या होने वाला है



मेरे सबसे बुद्धिमान मित्र, जिनमें सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लोग भी शामिल हैं, जो ट्रम्प/वेंस को लेकर उत्साहित हैं। वे लागातर इसे बारे में चर्चा कर रहे हैं क्या होना वाला है।

-एलन मस्क, उद्योगपति



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## एमा कोरिन-चार्ल्स जेवियर को देना चाहती हैं श्रद्धांजलि!



**एंजिलिस।** 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन नजर आएंगे। हाल ही में रेयान रेनॉल्ड्स ने अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वुलवरिन' का एक नया टीजर और पोस्टर साझा किया था, जिसके बाद से इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है। एमा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, 'मैंने उन दोनों का अभिनय फिर से देखा। मुझे ऐसा करने में पहले काफी झिझक महसूस हो रही थी क्योंकि मैं सोच रही थी, 'क्या मैं उस किरदार के उतना करीब जा पाऊंगी। क्या मैं अभी भी इसे अपना बना पाऊंगी' लेकिन मुझे यह वाकई दिलचस्प लगा कि उन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति को कैसे चित्रित किया जिसकी शक्ति उस टेलीपैथिक दुनिया में बहुत अलग है। मैं देखना चाहती थी कि क्या कोई ऐसा हिस्सा है जिसका मैं प्रयोग कर सकती हूं या उसे श्रद्धांजलि दे सकती हूं। प्रशंसकों को यह बहुत पसंद आएगा।' बता दें स्टीवर्ट ने 2000 की 'एक्स-मैन' में टेलीपैथी चार्ल्स "प्रोफेसर एक्स" जेवियर की भूमिका निभाई थी, इससे पहले मैकएवॉय ने 2011 की रीबूट 'एक्स-मेनः फर्स्ट क्लास' में एक युवा संस्करण निभाया था।

टॉलीवुड

## रवि तेजा की 'मिस्टर बच्चन' में कैमियो करेगा सिद्धू जोनालागड्डा



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा की नई फिल्म 'मिस्टर बच्चन' के सिनेमाघरों में दस्तक देने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। तेजा के प्रशंसक इसे देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है, क्योंकि फिल्म के ट्रेलर ने उनकी उत्सुकता को बढ़ा रखा है और जैसा कि आजकल बड़े अभिनेताओं की फिल्मों में कोई न कोई कैमियो देखने को मिलता है तो ऐसे में लगता है कि 'मिस्टर बच्चन' भी पीछे नहीं रहने वाली है। फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट आया है, जो कैमियो से ही जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'मिस्टर बच्चन' में सिद्धू जोनालागड्डा कैमियो करते हुए दिखाई देंगे। उनकी पिछली फिल्म 'टिल्लू स्क्वायर' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, इसे लेकर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक घोषणा का होना बाकी है, लेकिन खबर है कि सिद्धू के सीन की शूटिंग इसी हफ्ते में होगी। 'मिस्टर बच्चन' को लेकर पिछला अपडेट इसकी रिलीज की तारीख को लेकर आया था। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में उतारी जाएगी। निर्माताओं की ओर से इस तारीख का एलान बड़े ही खास अंदाज में किया गया था। पीपल मीडिया फैक्ट्री ने तारीख की घोषणा करते हुए लिखा था कि वक्त पे पहुंचने का अपना पुराना आदत है। 'मिस्टर बच्चन' 15 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी।

भोजपुरी

## 'घर की मालकिन' का ट्रेलर रिलीज, जेठानी ने डाली फूट



**नई दिल्ली।** नई भोजपुरी फिल्म 'घर की मालकिन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें समाज की उस हकीकत को दिखाया गया है, जो छिपी होती हैं। ये फिल्म आपके दिलों को छू जाएगी। इसमें अंजना सिंह और शुभी शर्मा लीड रोल में हैं। इनके अलावा सितारों की फौज है। पढ़ें पूरी रिपोर्ट। भोजपुरी सिनेमा की 'टीआरपी क्वीन' अंजना सिंह और फेमस एक्ट्रेस शुभी शर्मा की महिला प्रधान फिल्म 'घर की मालकिन' का धांसू ट्रेलर आउट हो गया है। ट्रेलर वीफोरयू भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से जारी हुआ है, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। नीलाभ तिवारी फिल्म्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के साथ आईवीवाई एंटरटेनमेंट प्रस्तुत इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह व नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। फिल्म एक पारिवारिक और सामाजिक कहानी पर आधारित है, जिसमें अंजना सिंह और शुभी शर्मा हैं। ट्रेलर में उनकी दमदार अदाकारी और जबरदस्त स्क्रीन प्रजेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म के ट्रेलर की लेंथ 4 मिनट 11 सेकेण्ड है। ट्रेलर में दिखाए गए दृश्यों में पारिवारिक रिश्तों, संघर्षों और सामाजिक मुद्दों को बखूबी पेश किया गया है। फिल्म में अंजना सिंह और शुभी शर्मा के किरदारों को मजबूती और आत्मविश्वास के साथ दर्शाया गया है, जो दर्शकों को पूरी फिल्म देखने के लिए प्रेरित कर रहा है।

लाइफ स्टाइल


## सखियों के फंक्शन में बनें ग्रीन क्वीन



सावन का महीना शुरू हो चुका है। हिन्दू धर्म में सावन महीने का बहुत ही महत्व है। इस दौरान ज्यादातर महिलाएं हरे रंग के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। क्या आप भी हरे रंग के ऑउटफिट को पहनना चाहती हैं तो ट्रेंडी हरे रंग की साड़ी और कुर्ता सेट आजकल बहुत ट्रेंड में है। इनको आप सावन महीने के दौरान पड़ने वाले सावन सोमवारऔर हरियाली तीज या फिर ग्रीन थीम पर होने वाले सखियों के फंक्शन में भी पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं और ग्रीन क्वीन बन सकती हैं।

## क्या आप भी करना चाहती हैं कुछ यूनिक हेयरस्टाइल, तो यहां देखें कुछ बेहतरीन लुक्स

ऑफिस हो या कॉलेज, लड़कियां हर जगह के लिए अपने आउटफिट अलग रखती हैं। ऐसा माना जाता है कि आपके आउटफिट आपके स्टाइल को दर्शाते हैं और उनके साथ बनाया गया हेयरस्टाइल भी आपके रूप को निखारता है। आउटफिट के हिसाब से किया गया हेयर स्टाइल आपके लुक को कंप्लीट करने में मदद करता है। अक्सर लड़कियों को यह नहीं पता होता कि उनके कपड़े पर कौन सा हेयरस्टाइल सूट करेगा, जिस वजह से वो कैसे भी बाल बनाकर चली जाती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ सिंपल हेयरस्टाइल के बारे में बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने कॉलेज या ऑफिस लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।



### फ्रंट हेयर ब्रेड स्टाइल

फ्रंट हेयर ब्रेड हेयरस्टाइल बेहद खूबसूरत दिखता है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। आपको बस एक कंघी, एक बॉबी पिन और एक हेयर बैंड की जरूरत पड़ेगी। हेयरस्टाइल बनाने के लिए सबसे पहले बालों में कंघी करें। फिर साइड से चोटी हटाकर एक चोटी बना लें या बाल खुले भी रख सकते हैं। फिर इसे पिन की मदद से पीछे से जोड़ दें। इसके बाद अपने बालों में हेयर स्प्रे कर लें इससे आपके बाल बिलकुल सेट रहेंगे।

### बन हेयर स्टाइल

यह हेयरस्टाइल ज्यादातर महिलाओं की पहली पसंद है। अगर आप अपने सलवार सूट को मॉडर्न टच देना चाहती हैं तो इस हेयरस्टाइल को बनाएं। आपको अपने बालों में बन के मदद से जूड़ा बांधना है। बाद में बालों में हेयर स्प्रे कर लें।



### ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल

अगर आप अपने बालों को खुला रखना चाहती हैं तो कुछ ही मिनटों में इस तरह का हेयरस्टाइल कर सकती हैं। ऐसा करने के लिए केवल आपको बालों की एक लेयर की ट्विस्टिंग करनी होगी और उसे पिन-अप करना होगा। बचे हुए बालों की लेंथ को आप कर्ल कर लें।

## बांधनी का ट्रेंड है हिट एंड फिट, इससे आप भी निखारें अपना फैशन सेंस

फैशन



बांधनी पहनावा हमेशा से ही लोकप्रिय रहा है, चाहे इसे त्यौहारों के मौसम में पहना जाए या फिर शादी के खास अवसर पर। बांधनी ट्रेडिशनल हैंडीक्राफ्ट टेक्निक है जिसमें कपड़ों को अलग-अलग तरीकों से बांधकर और फिर रंगों में डुबोकर कई तरह के पैटर्न्स और डिज़ाइन्स तैयार किए जाते हैं। यह एक ऐसा ट्रेंड है जो हर उम्र के लोगों पर अच्छा लगता है। इन दिनों बांधनी साड़ी और कुर्तों से लेकर फ्यूज़न सेट्स और ड्रेसेज़ तक इस ट्रेंड को अपने फैशन का हिस्सा बनाया जा रहा है।

**रंग का महत्व :** बांधनी में आमतौर पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है, जैसे- पीला, लाल, नीला, हरा और काला। हर रंग का अपना-अपना महत्व होता है। उदाहरण के लिए जैसे लाल दुल्हन के लिए सौभाग्य का प्रतीक है और पीला वसंत के समय और खुशी का प्रतीक है।

**कस्टम मेड वाइब्रेंट लहंगा :** अपनी शादी के लिए दुल्हन इस तरह कस्टम मेड वाइब्रेंट बांधनी लहंगा ट्राई कर सकती हैं। इस प्रिंट में रंगों का खास रोल होता है। इस पिंक लहंगे के साथ ऑरेंज कलर का ब्लाउज इसकी खूबसूरती को निखारने का काम कर रहा था। इस तरह के हैवी वर्क लहंगे के साथ दुपट्टे को खूबसूरती से स्टाइल कर दुल्हन अपने लुक को रॉयल बनाने का काम कर सकती है।

**ऑलोवर बांधनी प्रिंट सूट :** अगर आप भी अपने वॉर्डरोब में बंधनी शामिल करना चाहती हैं तो ऑलोवर प्रिंट वाला पलाज़ो सूट पहन सकती हैं। इसे मेहंदी से लेकर पूजा तक कई मौकों पर पहना जा सकता है, जो आपको शानदार फेस्टिव लुक देंगे।


**वेस्टर्न आउटफिट्स का भी है चलन :** अब सिर्फ साड़ी और सूट में नहीं बांधनी अब वेस्टर्न आउटफिट्स में भी काफी पॉपुलर हो रहा है। आप चाहें तो इस तरह की जंपसूट भी अपने वार्डरॉब में शामिल कर सकती हैं। मार्केट में बांधनी प्रिंट के श्रग भी आसानी से मिल जाते हैं जिसे प्लेन टॉप के साथ कैरी किया जा सकता है।

**पारंपरिक बांधनी साड़ी :** शादी-फेस्टिवल में आज भी ट्रेडिशनल प्रिंट वाली साड़ियों का ट्रेंड हिट एंड फिट है। अगर आप किसी शादी में अपने ट्रेडिशनल लुक से वाहवाही लूटना चाहती हैं तो पारंपरिक बांधनी साड़ी से बढ़कर कुछ नहीं है। सीधे पल्ले में इस साड़ी का ग्रेस और ज्यादा बढ़ जाता है। साड़ी पर बांधनी वर्क गुजराती कल्चर को बखूबी दर्शाता है। इसके साथ गहने और हेयरस्टाइल का भी खास ख्याल रखें, तभी आपकी खूबसूरती पूरी तरह से निखर कर आएगी।

**बांधनी दुपट्टे हैं पहली पसंद :** बांधनी दुपट्टे की तो बात ही निराली है। लड़कियां प्लेन सूट के साथ इस तरह के दुपट्टे कैरी करना बहुत पसंद करती हैं जिसे जयपुरी दुपट्टे भी कहा जाता है।

## हर ड्रेस और हर उम्र की महिलाओं पर खूब जंचते हैं आर्टिफिशियल नेकलेस और पेंडेंट

हल्के और आकर्षक चेन और पेंडेंट ने भारी गहनों के चलन को पीछे छोड़ दिया है। नए डिजाइन वाले पेंडेंट किसी भी ड्रेस के साथ और किसी भी उम्र की महिलाएं पहन सकती हैं। आजकल फैशन में कई तरह के नेकलेस और पेंडेंट मौजूद हैं। ये अलग-अलग आउटफिट के लिए अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध हैं। इन हल्के पेंडेंट को आप अपनी पसंद के कपड़ों के साथ पहनकर खूबसूरत दिख सकती हैं। खास बात यह है कि इन नेकलेस और पेंडेंट को हर उम्र की महिलाएं, चाहे वे गृहिणी हों, प्रोफेशनल हों या कॉलेज स्टूडेंट, अपनी इच्छानुसार पहन सकती हैं। ये अन्य गहनों की तुलना में बहुत हल्के होते हैं, इसलिए आप इन्हें सूट, साड़ी, लहंगा और डेनिम टॉप जैसे हर तरह के कपड़े के साथ पहन सकती हैं।



### रॉयल व ट्रेंडी लुक के लिए पर्ल ज्वेलरी

पर्ल ज्वेलरी का फैशन भी काफी सालों से चला आ रहा है। यह आपको रॉयल और ट्रेंडी लुक देता है। अक्सर बाजार में आपको पर्ल ज्वेलरी के कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। त्योहारों के दौरान आप ट्रेडिशनल रानी हार, जोधा हार के साथ लहंगा पहन सकते हैं। साड़ी और हैवी सूट के साथ चोकर हार पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। पर्ल ज्वेलरी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे आप ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ कैरी सकते हैं, जो देखने में काफी क्लासी लगते हैं।


### चांद बालियां ईयररिंग

अगर आप हैवी ज्वेलरी नहीं पहनना चाहती हैं तो चांद बालियां ईयररिंग पहन सकती हैं। चांद बालियां इयररिंग्स का फैशन काफी समय से चला आ रहा है। बीते कुछ साल में इसमें कई नए प्रयोग और ट्रेंड देखने को मिले हैं। इस साल भी चांद ईयररिंग्स के लेटेस्ट डिजाइन पूरी तरह से ट्रेंड में हैं। इस बार, चांद की बालियों में और भी अधिक डिजाइनर लुक हैं।

## पार्टी या फंक्शन के लिए खुद दें अपने नाखूनों को डिजाइन, नहीं पड़ेगी पार्लर जाने की जरूरत

ऐसी कई चीजें हैं जो ओवरऑल लुक को परफेक्ट बनाने में मदद करती हैं इन्हीं में से एक हैं आपके नाखून, जिनकी खूबसूरती आपके कपड़ों, मेकअप और हेयरस्टाइल में चार चांद लगाती है। इन नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए मैनीक्योर और पेडीक्योर जैसे ट्रीटमेंट लेने पड़ते हैं, लेकिन आजकल नेल आर्ट काफी चलन में है जो हमारे आउटफिट को कम्प्लीट करने के साथ-साथ उसे एक यूनिक टच भी दे सकता है।

**लेपर्ड प्रिंट नेल आर्ट :** अगर आपको लेपर्ड प्रिंट के आउटफिट्स पसंद हैं तो लेपर्ड प्रिंट नेल आर्ट करवा सकते हैं, जो कि आपको काफी पसंद आएगा। बस अपने नेल्स पर ब्लैक नेल पॉलिश



से आड़े-टेढ़े डिजाइन बनाएं और लेपर्ड प्रिंट का नेल आर्ट तैयार हो जाएगा।

**डबल शेड नेल आर्ट :** इन दिनों डबल शेड नेल आर्ट काफी पसंद किया जा रहा है। ऐसे में आप अगर किसी पार्टी में जाने वाले हैं तो वाईट और रेड का थीम रख के डबल शेड नेल आर्ट बना सकते हैं। इसे करने के लिए नाखूनों के दो कलर में सैड बनाया जाता है। आप अपनी पसंद के अनुसार के पेंट का कलर भी चूज कर सकते हैं।

**स्टोन वर्क नेल आर्ट :** पार्टी के लिए स्टोन नेल आर्ट परफेक्ट ऑप्शन है। यह नेल आर्ट हर आउटफिट के साथ मैच करेगा। इस नेल आर्ट को बनाने के लिए आपको पहले नेल पेंट अप्लाई करना होगा। उसके बाद आप नेल्स के ऊपर स्टोन या मोती लगाकर इस आर्ट को क्रिएट कर सकते हैं।

**ग्लिटर नेल आर्ट :** अगर शादी में जाने के लिए आप ये नेल आर्ट करा रहीं है तो ग्लिटर नेल आर्ट बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ये नेल आर्ट बनने के बाद बहुत खूबसूरत लगती है। ये आपकी खूबसूरती में चार चाँद लगा देगा।

आप इस तरह की डिजाइन के लिए नेल स्टीकर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### महिलाओं व युवतियों को सजना-संवरना काफी अच्छा लगता है

## सावन में ट्राई करें चुनिंदा डिजाइन वाली हरे रंग की साड़ियां, दिखेंगी सबसे सुंदर, अप्सरा जैसा आएगा लुक

सावन के महीने में हरे कपड़े पहनना बहुत शुभ माना जाता है। इसका कारण है कि मानसून आने के बाद पूरी प्रकृति हरी-भरी हो जाती है। हर प्राणी में एक उमंग रहती है और वह सावन के मौसम को दिलखुश अंदाज में जीना चाहता है। सावन का महीना युवतियों और महिलाओं के लिए सबसे खास कहलाता है। सावन महीने से त्यौहारों की शुरूआत भी हो जाती है। इस समय महिलाओं व युवतियों को सजना-संवरना काफी अच्छा लगता है। ऐसे में महिलाएं हरी साड़ी के लेटेस्ट डिजाइन की खरीदारी करती हैं। हरी साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइन ऐसे हैं जिन्हें पहनकर आप किसी अप्सरा से कम नहीं लगेंगी।



### बांधनी साड़ी करें ट्राई

अगर आपको हल्के मटेरियल में साड़ी पहनना अच्छा लगता है, तो आप इस सावन बांधनी साड़ी ट्राई कर सकते हैं। जो आपको पूरा राजस्थानी लुक देगी। इस साड़ी के साथ आप अगर ट्रेडिशनल ज्वेलरी को स्टाइल करेंगी, तो आप और ज्यादा खूबसूरत लगेंगी। यह साड़ी देखने में जितनी खूबसूरत लगती है, पहनने में भी इतनी कंफर्टेबल और हल्की रहती है। इस प्रकार की साड़ी की कीमत 350 से शुरू होती है।

### नई दुल्हनें पहनें बनारसी साड़ी

वहीं, अगर किसी नई नवेली दुल्हन कोई सावन हरी साड़ी पहनी है, तो वह बनारसी साड़ी ट्राई कर सकती है। जो देखने में रॉयल और एलिगेंट लुक देगा। बनारसी साड़ियों के साथ सीक्वेंस से लेकर कॉटन तक के ब्लाउज बढ़िया लगेंगे। अगर आपको बनारसी साड़ियों की खरीदारी करनी है, तो यह आपको 3000 से लेकर 5000 तक में अच्छी साड़ी मिल जाएगी।

### ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ियां

इस साल आप सावन में ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ियां भी ट्राई कर सकती हैं। इस प्रकार की साड़ी काफी ट्रेंड में चल रही है, इसीलिए ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ी कोई बॉलीवुड हसीनाएं भी पहनते हुए नजर आ चुकी हैं। वहीं इस प्रकार की साड़ी यंग गर्ल्स पर भी खूब अच्छी लगेंगी। ऐसी साड़ियों की कीमत 1200 से शुरू है।



### रफल स्टाइल साड़ियां कमाल की

सावन मानसून के मौसम में पड़ता है, जहां चिपचिपी वाली गर्मी पड़ती है। इस वजह से जो घरेलू महिलाएं हैं उनके लिए रफल स्टाइल की ये साड़ियां बेहतरीन चॉइस हैं। स्टाइलिश लुक वाली ये साड़ी दिखने में तो कमाल की हैं ही इन्हें पहनना भी बहुत आसान होता है। व आपको इस प्रकार की साड़ी की कीमत 1000 रुपए से शुरू है।

### हैवी लुक वाली ब्रासो ग्रीन साड़ी

अगर आप सिंपल में हैवी लुक वाली साड़ी ट्राई करना चाहती हैं, तो इस साल सावन में ब्रासो ग्रीन साड़ी आपके लिए अच्छा ऑप्शन होगा। ये साड़ी दिखने में काफी खूबसूरत होती है। इसमें होने वाला गोटा वर्क इसको हैवी लुक देता है। इस साड़ी की सबसे खास बातें है कि आप इसे किसी भी फंक्शन में पहन सकती हैं। साड़ी में कई तरह के डिजाइन आपको मिल जाएंगी।

# डेढ़ साल से राशन कार्ड नही बनने से थे परेशान, कॉल सेंटर से मिला समाधान

**काजल दुबे के पति ने दिया मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को धन्यवाद**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। सुशासन के मूल्यों पर बढ़ती हुई मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार हर स्तर पर पारदर्शिता अपनाने के लिए एवं लोगों की समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए हर स्तर पर ई गवर्नेंस और नवाचार को बढ़ावा दे रही है। रायपुर जिले में प्रशासन द्वारा शुरू किए गए जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर से समस्या का समाधान बहुत कम समय और बिना कार्यालय के चक्कर लगाए हो रहे हैं। जिला प्रशासन रायपुर द्वारा 1 दिन पहले ही जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में नागरिकों को परेशानियों जल्द निजात मिल रहा है। निवासी बसंत विहार गुढ़ियारी श्रीमती काजल किरन दुबे के पति लव कुमार दुबे ने बताया कि उन्होंने सालभर से पहले नगर निगम जोन-01 खमतराई में राशन के लिए आवेदन किया था। कई बार संपर्क करने पर भी तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए कार्ड ना बनना बताया गया था। पेशे से इलेक्ट्रीशियन लव दुबे को 23 जुलाई सुबह बिजली सुधार के एक दुकान में जाना हुआ। वहां पर संबंधित दुकानदार के यहां अखबार में प्रकाशित समाचार से कॉल सेंटर की जानकारी मिली और उन्होंने दिए गए नंबरों पर सुबह करीब 10:15 बजे फोन कर अपनी समस्या बताई। कॉलर ने उनकी समस्या दर्ज की और कुछ समय के भीतर दुबे को संबंधित खाद्य विभाग द्वारा संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली गई। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने जोन में संपर्क कर आवेदन वस्तुस्थिति जानी। इसके बाद आवेदन मंगा कर सारी प्रक्रियाओं को संबंधित अधिकारियों ने पूर्ण कराया। इसके बाद कॉल सेंटर पुनः दुबे से संपर्क कर आज पूर्वाहन करीब 4 बजे राशन कार्ड उनके हाथों में दे दिया गया। दुबे ने मुख्यमंत्री साय का धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसी सुविधा मैंने कभी नही देखी। जो काम साल भर में नही हुआ वह जिला प्रशासन के कॉल सेंटर के मदद से एक कॉल में हो गया। यहीं नही समस्या दर्ज कराते ही फोन कर फॉलोअप किया जाता रहा। मै पुनः मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन का धन्यवाद देता हूं।

# कांग्रेस शासन में छत्तीसगढ़ बन गया था अपराध गढ़ : किरण देव

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कानून-व्यवस्था और अपराध को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को मुद्दाविहीन कांग्रेस का राजनीतिक प्रदर्शन बताया है। देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सशक्त नेतृत्व में भाजपा की प्रदेश सरकार में सबको न्याय मिलने की गारंटी है और सबको न्याय मिल रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि सभी की मुकम्मल सुरक्षा का समुचित उपाय प्रदेश सरकार ने किया है, जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में अपराधी बेलगाम थे और अपराधियों को संरक्षण देने का काम होता था। कांग्रेस के राज में जो पीड़ित होते थे, उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई थी। कांग्रेस शासनकाल में अंजाम दिए गए ऐसे तमाम अपराधों पर अब भाजपा सरकार कार्रवाई कर रही है और अपराधियों को सींखचों के पीछे डाल रही है। देव ने कहा कि इससे अधिक शर्मनाक बात और क्या हो सकती है कि कांग्रेस के शासन में कांग्रेस के ही विधायक तक तत्कालीन गृह मंत्री के सामने यह बोलते थे कि पुलिस एफआईआर नहीं लिखती है और सब्जी वालों, टमाटर वालों से भी पैसे वसूली करती है। देव ने कहा कि आज कानून-व्यवस्था के नाम पर प्रलाप करते कांग्रेसी पहले यह बताएं भूपेश सरकार के समय आखिर हो क्या रहा था? प्रदेश में सरकार चल रही थी या माफिया गुंडाराज? एनएसयूआई के अध्यक्ष शराब दुकानों से अवैध वसूली कर रहे थे। कांग्रेस के लोग यह कतई न भूलें कि भूपेश सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ अपराधियों का गढ़ बन गया था और अपराधी तमाम अपराध पुलिस की नाक के नीचे संगठित गिरोह बनाकर अपराध कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब भाजपा की सरकार है, जिसके शासन में अपराधियों को पकड़ा जाता है, हर अपराध की एफआईआर लिखी जाती है। यहाँ पर कोई अपराधी बच नहीं सकता। अपराधियों में खौफ कायम हो रहा है और कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ जो अपराध गढ़ बन गया था, उसे फिर से शांति का टापू बनाने के लिए भाजपा की प्रदेश सरकार संकल्पित है और उस दिशा में सुविचारित रणनीति बनाकर काम कर रही है। देव ने कहा कि दरअसल कानून-व्यवस्था तो कांग्रेस के लिए एक बहाना भर है। कांग्रेसी कानून-व्यवस्था का प्रलाप मचाकर खुद के मृत संगठन को जिंदा करने का प्रयास कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता जनार्दन कांग्रेस के झूठ, झाँसों व प्रपंच की राजनीति से भलीभाँति वाकिफ हो चुकी है, पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनावों के नतीजे इस बात की तस्दीक कर रहे हैं।

# हमारी लड़ाई बीजेपी सरकार की लापरवाही के खिलाफ है : दीपक बैज

**बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का सरकार पर बड़ा हमला**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ की बिगड़ती कानून व्यवस्था और राज्य सरकार की नाकामी के विरोध में कांग्रेस ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में विधानसभा घेराव का आयोजन किया। हजारों कांग्रेस कार्यकताओं ने मंडी चौक पर एकत्रित होकर विधानसभा की ओर रुख किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने स्वयं बैरिकेड पर चढ़कर पुलिस के अवरोध को तोड़ा। प्रदेश भर से रायपुर पहुंचे कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने रास्ते में रोका, जिससे भिलाई, बिलासपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, और महासमुंद से आने वाले कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच सके।

**सचिन पायलट का संबोधन**

एआईसीसी महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की प्रशंसा की और कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं की एकजुटता सरकार की नींद खोलने के लिए है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पांच सालों में कांग्रेस ने जो कानून और नियम बनाए थे, उन्हें भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया है, जिससे जनता के साथ अन्याय हो रहा है। पिछले सात महीनों में प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूटपाट और डकैती की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसका जवाब सरकार को देना होगा।

**दीपक बैज का उद्बोधन**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई भाजपा सरकार की लापरवाही के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है और बस्तर जो शांत था, अब अशांत हो गया है। बैज ने कहा कि वे विधानसभा के बाहर सड़कों पर लड़ने के लिए तैयार हैं और भाजपा सरकार की नाकामी को लेकर यह घेराव आयोजित किया गया है।

# लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन ने रेलवे से जुड़े मुद्दे उठाए

## सांसद अग्रवाल के सवालों पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान रेलवे से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल मंत्रालय की 100 प्रतिशत विद्युतीकरण की पहल की राज्य-वार स्थिति पर सवाल पूछा था। जिसपर रेल मंत्री ने लिखित में उत्तर दिया है कि, छत्तीसगढ़ समेत 20 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में बड़ी लाइन नेटवर्क का 100 फीसदी विद्युतीकरण कर लिया गया है। बृजमोहन अग्रवाल ने सवाल भारतीय रेल में पर्यावरण अनुकूल इंधन और ऊर्जा के नए स्त्रोतों का विस्तार करने में भारतीय रेलवे वैकल्पिक ईंधन संगठन (आईआरओएएफ) द्वारा की गई प्रगति की जानकारी मांगी थी। जिसपर रेल मंत्री ने बताया कि, भारतीय रेल में आईजारओएएफ की स्थापना वैकल्पिक ईंधन की खोज के लिए की गई थी। इससे कर्षण के लिए मिश्रित बायो-डीजल का उपयोग करने तथा डीजल के स्थान पर आंशिक रूप से सीएनजी और एलएनजी के उपयोग को प्रोत्साहन मिला है। कर्षण के लिए डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) रेक पर हाइ?ड्रोजन ईंधन सेल के रेट्रो-फिटमेंट के लिए एक प्रायोगिक परियोजना भी शुरू की गई है। जिसकी शुरूवाती कार्य को उत्तर रेलवे द्वारा निगरानी की जा रही हैं। इसके अलावा 'अमृत भारत स्टेशन योजना' में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के सवाल पर रेल मंत्री ने जवाब दिया है कि, 'अमृत भारत स्टेशन योजना में निधियों की उपलब्धता और मौजूदा परिसंपत्तियों की स्थिति के अनुसार स्थायी और पर्यावरण अनुकूल समाधान की ओर क्रमिक बदलाव की परिकल्पना की गई है जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग शामिल है।

# एक पेड़ मां के नाम : विधानसभा आवासीय परिसर में पौधरोपण 25 को

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 25 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे विधानसभा आवासीय परिसर में होने वाले एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, खेल मंत्री टंकराम वर्मा एवं विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत होंगे।

# दबंगो ने पुरानी रंजिश को लेकर मजदूरो की पिटाई कर सिर फोड़ा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मोहनलालगंज। भरसवा गांव निवासी विकास ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते सोमवार की शाम को अपने साथी शिवा निवासी डाढा सिकंदरपुर के साथ निगोहां के भद्दी सिर्स गांव से मजदूरी कर बाइक से निकलकर मदाखेड़ा मंदिर पर स्थित पेट्रोल डलवाने के लिये जा रहे थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी दिलीप अपने साथी मोहित निवासी पिपरीखेड़ा थाना पीजीआई समेत अपने चार पांच अज्ञात साथियो के साथ कई बाइको से पेट्रोल पम्प के पास आ धमके ओर उसकी बाइक जबरन रोककर उसे व साथी को घसीटकर जमीन पर गिराकर लात घुसो से पिटाई कर डंडे से सिर फोड़कर लहूलूहान कर दिया ।पीड़ित ने बताया आरोपियो ने डंडे, चाकू व असलहे लिये हुये थे ओर कहा ज्यादा चिल्लाओगे तो जान से मार देगे।

# ईडी के शिकंजे में आया शाइन सिटी का एक और एजेंट

## निवेशकों की रकम से कर रहा था कारोबार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से ठगी के मामले में शाइन सिटी के एक और एजेंट प्रयागराज निवासी हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया है। ईडी ने मंगलवार को आरोपित हिमांशु कुमार को लखनऊ स्थित विशेष कोर्ट में पेश किया। ईडी ने आरोपी को सात दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर उससे नए सिरे से पूछताछ शुरू की है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, रियल एस्टेट कारोबारी हिमांशु कुमार शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य संचालक राशिद नसीम का करीबी रहा है। पूर्व में वह भी शाइन सिटी संचालकों के लिए काम करता था। हिमांशु कुमार की श्रद्धा सबुरी इन्फ्रा डेवलपर्स, स्क्रेपर्स रियलकान प्राइवेट लिमिटेड, भाव्या ब्राड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, रियलकान लिंक्स व अन्य कंपनियों के माध्यम से निवेशकों से ठगी गई रकम को डायवर्ट किया गया था। हिमांशु कुमार ने लगभग 40 करोड़ रुपये अपनी कंपनियों व निजी खातों में ट्रांसफर कराए थे। इस रकम से उसने जमीन भी खरीदी थी और रियल एस्टेट का अपना काम शुरू कर दिया था। जांच में सामने आया कि शाइन सिटी संचालकों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज होने के बाद वह उनसे किनारे हो गया था। ईडी की छानबीन में हिमांशु कुमार की भूमिका सामने आने के बाद उसे सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था और गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने 24 नवंबर, 2023 में राशिद नसीम व उसके करीबियों के लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, दिल्ली व मुंबई स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब हिमांशु कुमार के ठिकाने पर भी पड़ताल की गई थी। छापेमारी के दौरान बरामद दस्तावेजों के आधार पर राशिद नसीम के कई करीबियों व शाइन सिटी के संचालकों की पड़ताल तेज की गई थी।

# तीन दिन से लापता एसी मैकेनिक का गोमती में मिला शव

## मलिहाबाद कोतवाली में दर्ज थी युवक की गुमशुदगी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। तीन दिन से घर से लापता युवक का शव मंगलवार को पक्का पुल के पास गोमती में उतराता मिला। उसकी बाइक भी पक्का पुल के पास खड़ी मिली है। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मलिहाबाद कोतवाली के घुसौली निवासी सुमित कुमार मौर्य (23) टेढ़ी पुलिया इलाके में किराये के मकान में भाई अभिजीत के साथ रह कर एसी रिपेयरिंग का काम करते थे। भाई अभिजीत ने बताया कि 20 जुलाई को सुमित बुआ के लड़के अभिषेक को टेढ़ी पुलिया से मलिहाबाद बाइक से छोड़ने गया था। वह कुछ देर घर पर रुका था। उसके बाद सुमित जरूरी काम होने की बात कहकर वहां से निकल आया था। देर रात तक वह कमरे पर लौटकर नहीं आया। उसका फोन मिलाया तो वह भी स्विच ऑफ था। दोस्तों व रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की पर उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह चौक थाना के पक्का पुल के पास गोमती नदी में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त भाई सुमित के रूप में की।

# घर से नगदी व जेवरात लेकर किशोरी युवक संग हुयी फरार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मोहनलालगंज। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसकी 17वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर बीते रविवार की देर रात मनोज कुमार निवासी शेखपुर जनपद उन्नाव भगा ले गये ।नाबालिग बेटी घर में रखी एक लाख की नगदी व जेवरात समेत जरूरी कागजात भी साथ लेकर गयी है ।बेटी को बहला फुसालकर भगाने में मनोज कुमार समेत उसकी मां मिथलेश व भाई अनुज का भी हाथ है ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित मां की तहरीर पर तीन आरोपियो के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी गयी है।

# युवक की हत्या के मामले में 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**लापरवाही बरतने के आरोप में दो दरोगा व एक सिपाही सस्पेंड**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा में बिजली ठीक कराने को लेकर हुए विवाद में मारपीट कर की गई युवक की हत्या के मामले में घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है। हालाकि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हुई हैं। जो आरोपियों के संदिग्ध स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। लेकिन अभी तक एक भी आरोपी उनकी पकड़ में नहीं आ सका है। उधर मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट वजह ना आने के कारण विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। वही मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद गाँव पहुंचे शव का पुलिस की मौजूदगी में उन्नाव के शुक्लागंज स्थित गंगा नदी के घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना के बाद से गांव में बराबर तनाव बना हुआ है। जिसको लेकर सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बंथरा पुलिस के साथ ही एक प्लाटून पीएसी भी तैनात कर दी गई है। बताते चलें कि बंथरा गांव में शनिवार दोपहर को एबीसी केबिल जलने से रविवार देर शाम तक बिजली विभाग द्वारा उसे ठीक नहीं किया गया। जिसके कारण गांव के करीब ढाई सौ घरों में 30 घंटे से अधिक देर तक बिजली सप्लाई ठप रही। ग्रामीणों की काफी शिकायतों के बाद रविवार रात बिजली कर्मियों द्वारा बिजली ठीक करने के दौरान दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। इस बीच एक पक्ष के दबंग लोगों ने बिजली नहीं ठीक करने दी। तो सभी लोग अपने-अपने घर चले गए। गांव के इंद्र कुमार पांडेय के मुताबिक कुछ देर बाद उनके घर पहुंचे गांव के ही अवनीश, हिमांशु सिंह, प्रियांशू, प्रत्यूश, सनी सिंह और 10 अन्य साथियों ने घर के अंदर मौजूद इंद्र कुमार पांडेय के बेटे हितेश उर्फ रितिक पांडेय (20), अभिषेक उर्फ रमन पांडेय और नौकर मैकू रावत की बुरी तरह पिटाई कर दी थी। जिससे घायल हुए रितिक को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस मामले में इंद्र कुमार पांडेय की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बनतारा थाना प्रभारी हेमंत राघव का कहना है कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की 6 टीमें लगातार आरोपियों के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। बंथरा में रितिक पांडेय की लाठी डंडे से पीट पीटकर की गई हत्या के मामले में दो दरोगा व एक सिपाही को लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार रात जब दबंगों ने इंद्र कुमार पांडेय के घर में घुसकर बेटे रितिक, रमन और नौकर मैकू रावत की बुरी तरह पिटाई की थी तो उसके बाद पीड़ित पक्ष रिपोर्ट लिखाने रात में ही बंथरा थाने पहुंचा। लेकिन उनकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। पीड़ित परिजनों ने आरोप लगाया था कि जब वह बंथरा थाने तहरीर लेकर पहुंचे तो वहां लूडो खेल रहे कुछ वदीर्धारियों ने रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर, बल्कि उनकी तहरीर लेने से ही मना कर दिया था। बाद में काफी मिन्नते करने पर उक्त वदीर्धारियों ने उन्हें यह कहकर वापस कर दिया कि पहले इलाज कराओ फिर कल सुबह देखा जाएगा।

# यूपी के दो हजार गांवों में बनाई जाएगी पक्की सड़क

लखनऊ। पिछली बार की तुलना में इस बार केंद्रीय बजट में सड़कों के लिए 15 हजार करोड़ रुपये अधिक मिले हैं। इस राशि से नए राष्ट्रीय व राजमार्गों का विकास किया जा सकेगा। बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चौथे चरण को शुरू करने के प्रावधान के बाद प्रदेश के गांवों में 2,000 नई सड़कें बनाने का रास्ता भी साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश में मौजूदा समय में 11,737 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए केंद्र सरकार ने 25 हजार करोड़ रुपये जारी किए थे। इस बार बजट में 15,000 हजार करोड़ ज्यादा मिलने से नए राष्ट्रीय राजमार्गों को विकसित किया जा सकेगा। वहीं, बजट में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चौथे चरण को शुरू करने का भी प्रावधान किया है।


CAVEAT NOTICE
IN THE HON'BLE HIGH
COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEATORS:-

Avinash Singh, Working as Head Constable No. 61, Through- Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Vishal Mishra, Working as Head Constable No. 168, Through Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Sanjay Kumar, Working as Head Constable No. 83, Through Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Alok Kumar Soni, Working as Head Constable No. 421, Through- Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Indrajeet Singh, Working as Head Constable No. 217, Through Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Ravinand Singh, Working as Head Constable No. 257, Through Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Puranchand Rajwade, Working as Head Constable No. 278, Through- Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Vivekanand Singh, Working as Head Constable No. 280, Through- Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Adip Singh, Working as Head Constable No. 282, Through Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.), Ram Niwas Tiwari, Working as Head Constable No. 290, Through Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.),Shrinath Singh, Working as Head Constable No. 637, Through- Office of Superintendent of Police, Balrampur- Ramanujganj, District- Balrampur- Ramanujganj (C.G.),Talib Sheikh, Working as Head Constable No. 286, Through- Office of Superintendent of Police, Surajpur, District- Surajpur (C.G.)

Proposed Respondent]: State of Chhattisgarh and others
NON-CAVEATOR: General
Public of State of Chhattisgarh,
[Apprehended Petitioners]
CAVEAT APPLICATION
UNDER SECTION 148-A
OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 R/W CHAPTER IX, RULE 142 OF THE HIGH COURT OF CG RULES, 2007

That, the caveators above named most humbly beg to submit as under:-

That, the inspector General of Police, Rang- Surguja, District- Surguja- Ambikapur (C.G.) had issued this seniority list dated 30/04/2024 and 24/05/2024 of head Constable कमांक/पुमनि/सर/स्था/एम/160/2024 and कमांक/पुमनि/सर/स्था/एम/203/2024. The non applicants are likely to file a writ petition (S) before this Hon'ble Court challenging the seniority list dated 30/04/2024 and 24/05/2024 of head Constable. The applicants/caveators is likely to impleaded as respondent in the writ petition Service likely to be filed by the non applicant/proposed petitioner. Also the aggrieved parties may pray for interim relief. That in event any writ petition is filed by the proposed petitioner/s the Hon'ble High Court be pleased to afford the caveators an opportunity of being heard before passing any interim order.

Counsel for caveators' address for notice is given below:
MANHARAM LAL SAHU
Advocate,
High Court of Chhattisgarh

# शिक्षा सप्ताह के तहत जिले के विद्यालयों में ही रहा विविध आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के समस्त विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन चल रहा है। सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक रोहित व्यास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा श्रीमती कमलेश नन्दिनी साहू के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर शिक्षा सप्ताह का आयोजन जिले के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में 22 से 28 जुलाई की अवधि में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस हेतु जिले के समस्त शालाओं में दिवसवार गतिविधियां कराई जा रही है। शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस सोमवार, प्रथम दिवस - ज्स्ड दिवस - शिक्षकों को स्थानीय सामग्री के प्रदर्शन एवं कक्षा में इनके उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने की गतिविधि कराई गई है। 23 जुलाई मंगलवार, द्वितीय दिवस - थ्स्छ दिवस में थ्स्छ के क्रियान्वयन हेतु सभी हितधारकों के मध्य जागरूकता विकसित करने का



कार्य किया गया है। 24 जुलाई तृतीय दिवस - खेल दिवस - खेल और फिटनेस के महत्व हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 25 जुलाई चतुर्थ दिवस - सांस्कृतिक दिवस में विद्यार्थियों में विविधता में एकता की भावना विकसित करने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। 26 जुलाई पांचवां दिवस - कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस में विभिन्न कौशलों को बढ़ावा देना, सिखने में डिजिटल पहल को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाएगा 27 जुलाई शनिवार, छठवां दिवस - मिशन लाईफ, ईको क्लब दिवस स्कूलों में ईको क्लब का गठन, एक पेंड़ मा के नाम का आयोजन स्कूलों में वृक्षारोपण का कार्य किया जाना है तथा 28 जुलाई रविवार, सप्तम दिवस - सामुदायिक भागीदारी दिवस - स्थानिय समुदाय, जन-प्रतिनिधि, पालक, एसएमसी, पीटीए, पंचायती राज्य संस्थाओं से मिलकर अधिकतम भागीदारी तथा न्योता भोज का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम के अंतिम दिवस सभी शालाओं में न्योता भोज के आयोजन के साथ-साथ उल्लास कार्यक्रम में जुड़ने संबंधी शपथ भी दिलवाया जाएगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के अधिकारियों एवं विकासखण्डवार अधिकारी /कर्मचारियों का कोर ग्रुप का गठन किया गया जो विद्यालयों में जाकर कार्यक्रम का मॉनिटरिंग एवं संचालन करने हेतु मार्गदर्शन करेंगे।

उक्त कार्यक्रम में सभी पालक, एसएमसी के सदस्य, जन समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया गया है कि अपने क्षेत्र के विद्यालयों में दिवसवार कार्यक्रम में अपना उपस्थिति देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने एवं बच्चों का उत्साह वर्धन करने में सहयोग प्रदान करें।

## आपदा पर डायल करें 1070

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** प्रदेश में किसी आपदा में जन समुदाय को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार गृह मंत्रालय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली तथा सी-डेक तिरूवनंतपुरम एवं राज्य सरकार के सहयोग से ई आरएसएस डॉयल 1070 आपदा प्रबंधन आपातकालीन नम्बर संचालित किया जा रहा है। जन समुदाय द्वारा उक्त नम्बर 1070 पर डॉयल कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदशं आदि में सहायता हेतु संपर्क किया जा सकता है।

## आज से राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 25 जुलाई से 12 अगस्त तक जिले के सभी तहसीलों के राजस्व ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने ली शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग की संयुक्त बैठक

**समय-समय पर स्कूलों एवं छात्रावासों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश**



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में शिक्षा और आदिवासी विकास विभाग की संयुक्त बैठक ली। बैठक में स्कूलों के संचालन के साथ बेहतर शिक्षा परिणाम के लिए समय-समय पर टेस्ट लेकर बच्चों का मूल्यांकन करने की बात कही। साथ ही अनुपस्थित रहने वाले बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री एक्का ने लगातार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर नियमानुसार कार्यवाही भी करने को कहा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूल परिसरों में किये जा रहे वृक्षारोपण की भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने विकासखण्डवार आश्रम/ छात्रावासों में प्रवेशित बच्चो की संख्या, रिक्त पदों की की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु नियमित साफ-सफाई के साथ मच्छरदानी का उपयोग करते हुए सावधानियां बरतने को कहा। इसके साथ ही समय-समय पर स्कूलों एवं आश्रमों में बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिये।

बैठक में संबंधितों को समय-समय पर स्कूल, आश्रमों का सतत् निरीक्षण करने के साथ सभी आवश्यक पंजियों का संधारण, स्कूलों में नियमित साफ-सफाई, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.एन. मिश्रा, सहायक आयुक्त आदिवासी श्री राकेश सोनी, सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सर्व मण्डल संयोजक सहित संबंधित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों हेतु उपयुक्तता प्रमाण-पत्र बनाने 25 जुलाई को रायपुर में होगा राज्य स्तरीय शिविर आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** दिव्यांगजनों को विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उपयुक्तता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना जरूरी होता है। छत्तीसगढ़ राज्य के दिव्यांगजनों को इस प्रमाण-पत्र के लिए जबलपुर जाना होता है। राज्य के शिक्षित दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए भारत सरकार श्रम मंत्रालय के नेशनल कैरियर सेंटर फॉर डिफरेंटली एबल्ड जबलपुर एवं विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजनों हेतु नियोजित) रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों को उपयुक्तता प्रमाण-पत्र (सूटेबिलिटी सर्टिफिकेट) प्रदान करने के लिए 25 जुलाई दिन गुरूवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से सह शिक्षा पॉलिटेक्निक कॉलेज, बैरन बाजार रायपुर में किया जा रहा है।

पीईटी/पीएटी/प्री एमसीए./प्री. बीएससी नर्सिंग/प्री एमएससी नर्सिंग/प्री बीएड आदि प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उपयुक्तता प्रमाण-पत्र आवश्यक जमा करना होता है। रायपुर में आयोजित इस शिविर में दिव्यांगता का परीक्षण कर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उपयुक्तता की जाँच कर उपयुक्तता प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा । शिविर में भाग लेने हेतु दिव्यांग अभ्यर्थी को जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, शिक्षा एवं आयु से संबंधित प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, आरक्षित वर्ग के लिए जाति प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार के 2 नग फोटो तथा यदि व्यापम द्वारा आयोजित किसी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुआ हो तो उसका प्रवेश पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। शिविर में आने-जाने हेतु किसी प्रकार का मार्गव्यय देय नहीं होगा। इस शिविर के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में दूरभाष नंबर 0771-4044081 पर संपर्क कर सकते हैं।

## हाई स्कूल सर्टि.परीक्षा 2024 अंतर्गत 247 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में आज कक्षा 10 वीं के विषय-हिन्दी की परीक्षा जिले के निर्धारित 9 परीक्षा केन्द्रों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

जिसमें दर्ज 247 परीक्षार्थियों में से 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राम ललित पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में श्रीमती लता बेक सहायक संचालक के द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. प्रतापपुर एवं शा.उ.मा.वि. भैयाथान का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्वक संचालित होना पाया गया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर**
**जिला--सूरजपुर (छत्तीसगढ़)**

Phone :- 07775-266048 E-Mail ID : ee-res.surajpur@gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/.....1240...../वलेलि/ग्रा.यां.से/2024--25 सूरजपुर दिनाँक 19/07 /2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :--

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि सत्य सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोष्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Zonal Tender for civil construction work for following sub division, Surajpur, Bhaiyathan, Odgi, Pratappur, Ramanujnagar, Premnagar. | 4000000.00 | 01.08.2024 | 02.08.2024 17:30 pm |
| 2 | Electrical Zonal tender for Bhaiyathan, Odgi. | 3500000.00 | 02.08.2024 | 05.08.2024 17:30 pm |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 19.07.2024 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
सूरजपुर, जिला : सूरजपुर

जी--242501280 / 3



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :-- 22.07.2024

**ई-प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग -- स.क्र. 1 से 05 मनेन्द्रगढ़ संभाग
03. स.क्र. 01 से 05 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि -- 12.08.2024

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 34 | उपसंभाग जनकपुर कोटाडोल मार्ग के कि.मी. 1 से 5, 14 से 16, 25 से 27 = 11.00 कि.मी. में साधारण मरम्मत का कार्य। | 21.31 |
| 2 | 35 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत कोरबा चिरमिरी मार्ग के कि.मी. 8,9,10/2 से 10/4 = 2.20 कि.मी., बंजारीडांड से चिरमी मार्ग के कि.मी. 7,8,15,16 = 4.00 कि.मी., बैकुण्ठपुर बड़गांव पतरापाली बचरापोड़ी रतनपुर मार्ग के कि.मी. 38,40,41,42,44,45,46 = 7.00 कि.मी., रतनपुर भरदा सकरिया मार्ग के कि.मी. 1,3,5,8 = 4.00 कि.मी. में साधारण मरम्मत का कार्य। | 42.21 |
| 3 | 36 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग के कि.मी. 46 से 49, 51 से 59, 69,80 से 97, 98/2, 102/4 से 103,117 से 127 = 45.00 कि.मी. में साधारण मरम्मत का कार्य। | 70.94 |
| 4. | 37 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत केन्दई चोटिया बरदर खड़गवां बैकुण्ठपुर सोनहत रामगढ़ मार्ग के कि.मी. 87,88,89,90,104,105,106,107,108,109,111,112,113,114,115,116,127,128,129,129,130,131,132,137,138,139,141,142,143,144,145 = 30.00 कि.मी. में साधारण मरम्मत का कार्य। | 34.43 |
| 5 | 38 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत कोर्ट भवन, हासपिटल भवन और शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वाटर प्रुफिंग एवं सीपेज ट्रीटमेंट का कार्य। | 50.00 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी-242501292/6


# उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राज्य में उद्यानिकी फसलों में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024-25 के क्रियान्वयन हेतु छ.ग. शासन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके अंतर्गत जिले में अधिसूचित फसलें टमाटर (बीमित राशि-120000, प्रीमियम राशि-6000), केला (बीमित राशि-85000, प्रीमियम राशि-4250), बैगन (बीमित राशि-77000 प्रीमियम राशि-3850), मिर्च (बीमित राशि-68000, प्रीमियम राशि-3400), अदरक (बीमित राशि-150000, प्रीमियम राशि-7500), पपीता (बीमित राशि-87000, प्रीमियम राशि-4350) एवं अमरूद (बीमित राशि-45000 प्रीमियम राशि-2250) है। योजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्व



निरीक्षक मण्डल को बीमा इकाई बनाया गया है एवं किसानों को बीमा हेतु कास्त के लिए निर्धारित ऋणमान (बीमित राशि) का 5 प्रतिशत प्रीमियम के रूप में देना होगा। इन सभी फसलों के जोखिम अवधि 1 मार्च 2024 से 31 दिसम्बर 2024 है। इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के प्रतिकूल मौसम जैसे अधिक वर्षा, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, अधिक तापमान, कम तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, वायु गति से होने वाली फसलों की क्षति के नुकसान का आकलन स्वचलित मौसम केंद्र द्वारा किया जावेगा। स्थानीय आपदा ओलावृष्टि की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-419-0344 पर या लिखित रूप से 72 घंटो के भीतर बीमा कंपनी संबंधित बैंक, स्थानीय उद्यानिकी विभाग/जिला अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेगा। सभी ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भी उद्यानिकी फसलें ले रहे है, दिनांक 31 जुलाई 2024 तक लोकसेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति कंपनी के प्रतिनिधि के माध्यम से बीमा करा सकते है। ऋणी कृषक अपने सहकारी, ग्रामीण, वाणिज्यिक बैंक की शाखाओं से संपर्क कर नामांकन करा सकतें है एवं अऋणी कृषक नक्शा, खसरा एवं पासबुक की प्रति एवं क्षेत्र बुवाई प्रमाण पत्र या बुवाई के आशय का स्वघोषणा पत्र जो क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी/ग्रा.उ.वी. अधिकारी द्वारा सत्यापित हो जमा कर नामांकन करा सकते है।

जिले में फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को अधिकृत किया गया हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सहायक संचालक उद्यान कार्यालय सूरजपुर या मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ उद्यान विकास अधिकारियों से प्राप्त की जा सकती है।

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज उर्वरक का करें वितरण - कलेक्टर

**गरियाबंद, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चालू खरीफ सीजन में जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज एवं उर्वरक के भण्डारण तथा वितरण की समितिवार जानकारी ली। कलेक्टर ने समितियों के लक्ष्य अनुसार भण्डारण एवं वितरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों तक पर्याप्त मात्रा में इसकी पहुंच की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कम भण्डारण एवं वितरण वाले समितियों के प्रबंधकों पर नाराजगी जताते हुए तेजी से खाद, बीज का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के विभागीय अधिकारियों को समितियों का निरीक्षण करने एवं किसानों से चर्चा कर खाद, बीज की मांग सहित वितरण की भी जानकारी लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कैम्प लगाकर केसीसी कार्ड बनाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों का शत प्रतिशत केसीसी कार्ड बनाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उप संचालक कृषि चंदन रॉय, डीएमओ अमित चन्द्राकर, सहायक पंजीयक सहकारिता उषा ध्रुव सहित जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों का ई-केवायसी के साथ भू-सीडिंग एवं आधार-सीडिंग के कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए किसान हित में गंभीरता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत पंजीयन की जानकारी भी ली।

# आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जिले के पांच मृतक के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

कुरूद तहसील के ग्राम चटौद निवासी फणीश कुमार साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने के फलस्वरूप उनके पिता श्री भागवत साहू को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। ग्राम सिरसिदा के श्री नारद राम निषाद की मधुमक्खियों के काटने से इलाज के दौरान मृत्य होने पर उनकी पत्नी श्रीमती राजबाई को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

इसी तरह भखारा तहसील के ग्राम तर्रागांदी निवासी श्री शिकुन निषाद की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती ललिता निषाद, मगरलोड तहसील के ग्राम कमईपुर की श्रीमती दयाबती मरकाम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पुत्र श्री साहनूराम मरकाम और धमतरी तहसील के ग्राम रूद्री निवासी सौरभ साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता श्री ठाकुरराम साहू को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

कोरिया फ्रंटलाइन

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# कलेक्टर ने कहा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के हर सम्भव कदम उठाएं

### सुरक्षित कांवर यात्रा के लिए अधिकारी सड़कों का विशेष ध्यान रखें: एसपी श्री परिहार

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टरेट सभाकक्ष में बुधवार शाम को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने और जागरूक करने के लिए किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित किए गए ऐसे स्थलों पर जहां सड़क दुर्घटनाओं में अधिक मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने अथवा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने खरवत चैक, चैदाहा पेट्रोल पंप, जमगहना बायपास आदि स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिवाइडर, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर या संकेत चिन्ह लगाने सहित जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही नगर पालिका, जनपद पंचायत और पशुपालन विभाग को चैक-चैराहों, राष्ट्रीय राजमार्गों, और राज्यमार्गों से मवेशियों को हटाने के निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैकुंठपुर और शिवपुर-चरचा नगरपालिका अधिकारियों को सड़क किनारे अतिक्रमण, दुकान, ठेला आदि को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग के अधिकारी को अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए सड़क किनारे होटल, रेस्टोरेंट, और ढाबा की नियमित जांच करने के निर्देश दिए।






पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने यात्री और स्कूल बसों की जांच करने, ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने, और बसों में कैमरा और महिला कर्मचारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आरटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि बस, ऑटो आदि की जांच जिम्मेदारी से करें। उन्होंने स्कूल, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की भी बात कही। श्री परिहार ने सावन माह में निकाले जाने वाले कांवर यात्रा के दौरान पुलिस अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार से जानमाल का नुकसान न हो। कलेक्टर और एसपी ने आम वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट या हेलमेट जरूर धारण करें। इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत, आर्थो वेलफेयर फाउंडेशन के संचालक शकील अहमद, श्री तरुण प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, और पशुपालन विभाग की डॉ. विभा सिंह सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

## विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संचालन हेतु इच्छुक अनुभवी संस्था से आवेदन आमंत्रित

**छ.ग.फ्रंटलाइन बैकुंठपुर।** किशोर न्याय बालको की देखरेख एवं संरक्षण प्रावधानों के तहत जिले में प्राप्त होने वाले देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले 06 वर्ष से कम आयु के बालकों यथा अनाथ, बेसहारा, परित्यक्त, अभ्यर्पित, बाल भिक्षुक, बाल तस्करी से पीड़ित, शोषण का शिकार, सड़क पर रहने वाले आदि बालकों को संरक्षण प्रदान करने के लिए जिले में बाल देखरेख संस्था यथा- विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संचालन हेतु इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अशासकीय संस्था/संगठन से निर्धारित प्रारूप में 6 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण संचालित किये जाने हेतु संस्था/संगठन का सुसंगत अधिनियम, (सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973) के तहत पंजीयन होना अनिवार्य है, तथा बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो, नीति आयोग दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत हो। विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण 10 बच्चों की क्षमता वाली बाल देखरेख संस्था के रूप में संचालित होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट में उपलब्ध है अथवा जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

# कलेक्टर ने ली डीएलएमसी एवं कृषि विभाग की समीक्षा बैठक

### कृषकों के ईकेवाईसी तथा आधार सीडिंग शतप्रतिशत करने के दिये निर्देश

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आज डीएलएमसी (डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग कमेटी) एवं कृषि विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के तीनों विकासखंड के कृषि विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी सहित एचडीएफसी फसल बीमा कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने खरीफ 2023-24 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित फसल बीमा योजनाएं जिले की समस्त आदिम जाति सहकारी समितियों में भंडारित बीज, खाद एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की विशेष समीक्षा की गई तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है को अंकित करते हुए जिले के अत्यधिक किसानों को योजना से जोड़ने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। 24 जुलाई 2024 तक जिले के 752 अऋणी कृषकों को फसल बीमा योजना से जोड़ा गया है एवं 31 जुलाई 2024 तक कम से कम 3000 अऋणी कृषकों को योजना से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिले की समस्त सहकारी समितियों में भंडारित बीज एवं रासायनिक उर्वरक को कृषकों को वितरण करते हुए रासायनिक उर्वरकों की आने वाली मांग अनुरूप भंडारण कराते हुए समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कृषकों के ई.केवाईसी, जमीन के विवरण तथा आधार सीडिंग को पूर्ण करके, नवीन कृषक पंजीयन कर जिले के शत.प्रतिशत किसानों को योजना का लाभ दिलाने तथा जिले में रागी, कोदो सहित अन्य मिलेट फसलों का प्रत्येक विकास खण्ड में यथाशीघ्र वितरण करने विशेष निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने तीनों विकासखंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीवार कृषकों शत.प्रतिशत ई.केवाईसी तथा आधार सीडिंग करने के साथ ही उसका प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। कृषकों के ई.केवाईसी एवं आधार सीडिंग रहेंगे तो भविष्य में शासकीय योजनाओं लाभ कृषकों होगा। कृषि विभाग के उप संचालक श्री लाल सिंह आर्मो एवं उनके सहायक विकास चौरसिया के द्वारा विभागीय समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को फसल बीमा एवं समितियां में भंडारित खाद बीज के समुचित वितरण हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के समस्त किसानों से विनम्र अपील की गई है कि जिले की वर्षा स्थिति को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेते हुए समितियों में भंडारित बीज एवं खाद जो कि कृषकों अनुदान पर उपलब्ध कराई जाती है का समुचित लाभ प्राप्त करें। इस दौरान तीनों विकास खण्ड के वरिष्ठ कृषि अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।



# महतारी वंदन योजना: महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा कदम

### प्रदेश का मुखिया वही जो समस्याओं का करें समाधान: श्रीमती कविता

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** आज की भागमभाग भरी जिंदगी में, हर एक पैसे की कीमत क्या होती है, यह वही समझ सकता है जिसने आभाव और मजबूरी में जीवन व्यतीत किया है। हमारे समाज और परिवार में एक-एक पैसे की कीमत कामकाजी महिलाएं और गृहणियां बेहतर समझती हैं। घर-परिवार में गृहणियों को सब्जी, राशन, दवाई, शिक्षा, मेहमान नवाजी से लेकर भविष्य की चिंता करते देखा जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्महतारी वन्दन योजनाश् के माध्यम से महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी है। महतारी वन्दन योजना का मुख्य उद्देश्य



प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनकी दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करना है। इस योजना के अंतर्गत विवाहित महिलाओं को हर माह राज्य शासन द्वारा एक हजार रुपए उनके खाते में अंतरित की जाती है ताकि अपनी और अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल जिला कोरिया में भी इस योजना का सफल क्रियान्वयन हुआ है। ग्राम ऊपर पारा, खरवत में रहने वाली 31 वर्षीय श्रीमती कविता पति विमल कुमार, जो आठवीं तक पढ़ी हैं और तीन बच्चों की मां हैं, इस योजना का लाभ उठाने वालों में से एक हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक उनके खाते में चार किस्त की राशि आ चुकी है। श्रीमती कविता ने कहा कि इस योजना के फार्म भरते समय उन्हें पूरा भरोसा था कि यह राशि उन्हें जरूर मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस राशि से उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कॉपी-पेन खरीदे और घर के लिए राशन व सब्जी भी खरीदी कर रही है।

#### महिलाओं के जीवन में परिवर्तन

श्रीमती कविता ने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो सबकी चिंता दूर करें, परेशानियों से निजात दिलाए वही देश, प्रदेश और घर का मुखिया होता है। श्रीमती कविता ने बताया कि राज्य सरकार की इस योजना से वे और उनका परिवार बहुत खुश हैं। निश्चित ही महतारी वन्दन योजना ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि उनके जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी बढ़ाई है। इस योजना से प्राप्त वित्तीय सहायता ने महिलाओं को अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने और उनके जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश सरकार की यह पहल महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 26 को

**बैकुंठपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के अंतर्गत वर्ष 2024- 25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 10 मार्च 2024 को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासन के निर्णय अनुसार पालक की सहमति से प्रवेश दिलाया जाना है। चयनित विद्यार्थियों की सूची का अवलोकन कार्यालय आदिवासी विकास कोरिया एवं एमसीबी के सूचना पटल पर किया जा सकता है। चयनित विद्यार्थियों का काउंसलिंग 26 जुलाई को दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में आयोजित किया गया है।

## मनेंद्रगढ़ उप डाकघर में डाक चौपाल का आयोजन कल




छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** डाक विभाग द्वारा 26 जुलाई 2024 को डाक चौपाल का आयोजन उप डाकघर मनेंद्रगढ़ में किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य जन-जन तक विभाग में संचालित योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाना है, जिससे लोगों को इन सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। उप संभागीय निरीक्षक मनेंद्रगढ़ ने लोगों से अपील की है, इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोग बैंकिंग एवं निवेश संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी ले सकते हैं, एवं शिविर स्थल पर ही लाभान्वित हो सकते हैं। डाक विभाग में सुकन्या समृद्धि, सीनियर सिटीजन, मंथली इनकम, महिला सम्मान बचत योजना इत्यादि जैसी कई आकर्षक योजनाएं है और साथ ही इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के अंतर्गत कम दर पर दुर्घटना बीमा भी संचालित है। जिसका लाभ जिले के लोगों को मिल रहा है। मनरेगा, पेंशन, छात्रवृत्ति, महतारी वंदन इत्यादि योजनाओं के हितग्राही डीबीटी खाते का लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ही इस शिविर में साइबर फ्रॉड संबंधित जागरुकता हेतु भी लोगों को जानकारी दी जाएगी, बता दें कि डाक विभाग द्वारा पूरे देश भर में 100 दिवस में 5000 डाक चौपाल का आयोजन किया जाना है।

# कैलाशपुर पंचायत सचिव निलंबित, एसडीओ आरइएस के निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित

### ग्राम पंचायत कैलाशपुर सरपंच होंगे पद से पृथक, भुगतान की गई राशि की होगी वसूली

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में शासन की जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गडबड़ी करने वालों पर निरंतर कड़ी कार्यवाही जारी है। जिला प्रशासन प्रमुख कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार निर्माण कार्यों में अनियमितता करने वाले दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि गत दिवस महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम कैलाशपुर में बनने वाली पक्की नाली के निर्माण में अनियमितता का मामला संज्ञान में आया था। इसके तुरंत बाद जांच टीम बनाकर कार्यों की भौतिक गुणवत्ता जांच कराई गई और जैसे जैसे जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है दोषियों पर कड़ी कार्यवाही जारी है। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि सबसे पहले जांच मे पूरी तरह से गुणवत्ताहीन पाई गई नाली को तोड़ने के आदेश जारी किए गए साथ ही जांच के दौरान सर्व संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सभी का जवाब लिया गया। जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर कार्य की एजेंसी रहे ग्राम पंचायत कैलाशपुर में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव रामप्रकाश साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ सोनहत जगन्नाथ सिदार को निलंबित करने के लिए आयुक्त सरगुजा संभाग को अनुशंसा पत्र भेज दिया गया है। कार्य के लिए सीधे जिम्मेदार ग्राम पंचायत कैलाशपुर सरपंच श्रीमती रूपवती चेरवा के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम की धाराओं के तहत पद से पृथक करने की कार्यवाही एसडीएम सोनहत को प्रेषित कर दी गई है। कार्य में तकनीकी देखरेख के लिए जिम्मेदार तकनीकी सहायक सुरेश कुर्रे को चेतावनी पत्र जारी करते हुए अतिरिक्त भुगतान की राशि के वसूली के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला पंचायत कोरिया सीईओ डॉ आशुतोष ने बताया कि भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। कलेक्टर कोरिया के निर्देशानुसार दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी ताकि सभी के लिए सबक हो सके। कैलाशपुर में पक्की नाली निर्माण कार्य में सप्लाई करने वाली फर्म को काली सूची में दर्ज करने के लिए महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। उन्होने आगे बताया कि ग्राम पंचायत के सचिव राम प्रकाश साहू तथा एसडीओ आरईएस सिदार के विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित करने के आदेश जारी किए गए हैं। कुछ अन्य कार्यों की जांच भी प्रक्रियाधीन है जिसमें प्रतिवेदन व जवाब आने के तुरंत बाद अन्य कठोर कार्यवाहियां की जाएंगी। डॉ आशुतोष ने कहा कि सभी निर्माण एजेंसी यह स्पष्ट तौर पर समझ लें कि जनहितकारी योजनाओं के तहत हो रहे प्रत्येक निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



# डॉ श्रीमती एकता लंगेह ने बाल गृह के बच्चों के साथ मनाया जन्म दिवस

**बैकुंठपुर।** समाजसेवी एवं कलेक्टर कोरिया की धर्मपत्नी श्रीमती डॉक्टर एकता लंगेह ने अपना जन्म दिवस बाल गृह के बच्चों के बीच केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वागत गीत गाकर उनका अभिनंदन किया। डॉ. लंगेह ने अपने पिछले दौरे के दौरान बच्चों की मांग पर कैसियो और तबला वाद्य यंत्र वितरित किए, जिससे बच्चे बेहद खुश हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, अब आपके पास म्यूजिक सिस्टम आ गया है। आप सभी लगन से संगीत सीखें और इसमें पारंगत होकर अपना करियर बनाएं। उन्होंने संगीत शिक्षकों से भी बच्चों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। बालमन ही एक ऐसे उम्र है जहां पढ़ाई के अलावा रूचि के अनुसार खेल, कला, संस्कृति को अपनाकर एक बेहतर जीवन बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल गृह के बच्चे बेहद प्रतिभाशाली है, जिले के साथ-साथ राज्य स्तरीय खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताओं में अग्रणी हैं, जो उनकी प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। डॉ. लंगेह ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ समय बिताकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की श्रीमती वित्तवाला श्रीवास्तव, बाल गृह के अधीक्षक चंद्रेश सिंह सिसोदिया, बाल कल्याण अधिकारी सुनील शर्मा, काउंसलर अक्षय सोनी, मेडिकल स्टाफ आरती जयसवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा